नई दिल्ली
शुक्रवार, 17 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 28, अंक : 36
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 45
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'








## देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों के वश में नहीं

### पीएम मोदी ने कहा कि महलों में पलने वाले शहजादों को लगता है विकास अपने आप हो जाएगा, कोई पूछे कैसे तो कहेंगे खटाखट

# इधर इंडी गठबंधन बंटेगा खटाखट, उधर शहजादे विदेश निकल जाएंगे 'खटाखट'

◆ मोदी ने कहा कि यह देश जान गया है कि विपक्ष ने वोट बैंक की राजनीति करके, हिंदू-मुसलमान को लड़ाकर धर्मनिरपेक्षता का ऐसा चोला पहन लिया था कि इनकी सच्चाई सामने नहीं आती थी, यह मोदी है जिसने इनका यह नकाब उतारा है।



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतापगढ़ में विपक्ष पर करारा निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन बंटने वाला है और इसके बंटने पर शहजादे विदेश भाग जाएंगे। उनका इशारा राहुल गांधी की तरफ था। पीएम मोदी ने कहा कि महलों में पलने वाले शहजादों को लगता है विकास अपने आप हो जाएगा। कोई पूछे कैसे तो कहेंगे खटाखट।

कोई इनको बता दो कि रायबरेली की जनता भी इनको खटाखट भेजेगी। उन्होंने कहा कि देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों के वश में नहीं। चार जून के बाद इंडी गठबंधन बंट जाएगा खटाखट। शहजादे विदेश निकल जाएंगे खटाखट। हम और आप ही रह जाएंगे। प्रतापगढ़ की स्थानीय बोली अवधी में भाषण शुरूआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेल्हा माई और बाबा घुइसरनाथ के पावन धरती प्रतापगढ़ के हम प्रणाम करे। एक तरफ अयोध्या, ▶▶ शेष पेज 5 पर

इंडी गठबंधन वाले 2014 तक देश को बर्बाद कर गए थे

मोदी की गारंटी का मतलब ताजा उदाहरण सीएए कानून है



पीएम ने सपा-कांग्रेस को दिया चेलेंज

### कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ, जो सीएए को हटा सके

मोदी ने कहा कि मैं साफ-साफ कहता हूं कि यह मोदी की गारंटी है कि देश-विदेश, कहीं से भी जो भी ताकत इकट्ठा करनी है कर लो, मैं भी मैदान में हूं तुम भी मैदान में हो, आप सीएए नहीं हटा पाओगे। पीएम मोदी ने आगे कहा कि गारंटी का मतलब क्या होता है इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है। सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को भारत में नागरिकता देने का काम शुरू हो गया। पीएम ने कहा कि यह वो लोग हैं जो शरणार्थी बनकर लंबे अरसे से हमारे देश में रह रहे हैं, यह वो लोग हैं जो धर्म के आधार पर हुए भारत के बंटवारे का शिकार हुए थे। ये (कांग्रेस) महात्मा गांधी का नाम लेकर सत्ता की सीढ़ियां तो चढ़ जाते हैं लेकिन महात्मा गांधी के बातों को याद नहीं रखते, महात्मा गांधी ने ही उन्हें भरोसा दिया था कि वे भारत कभी भी आ सकते हैं। 70 सालों में हजारों परिवार मजबूरन मुसीबत में भारत आए लेकिन कांग्रेस ने कभी इनकी सुध नहीं ली क्योंकि ये कांग्रेस के वोट बैंक नहीं हैं।

#### कोई भी अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकता

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सपा ने सीएए के नाम पर झूठ फैलाने की कोशिश की। उन्होंने यूपी और देश को दंगों की ओर धकेलने की कोशिश की। श्रीनगर के लोगों ने चुनावों में जो उत्साह दिखाया है वह इस बात का सबूत है कि कोई भी अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकता और वोट बैंक की राजनीति नहीं कर सकता।

#### इंडी गठबंधन पर साधा करारा निशाना

#### इनका फार्मूला है, पांच साल में पांच पीएम बनाएंगे

पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सरकार हटाना चाहते हैं। इनका फार्मूला है, पांच साल में पांच पीएम बनाएंगे यानी हर साल एक पीएम। भानुमति का कुनबा बनाकर लूटना चाहते हैं। क्या ये देश को बर्बाद करेंगे अथवा नहीं? उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, एक बार एक व्यापारी को कर्मचारी की जरूरत थी। 24 साल वाले युवक की जरूरत थी। एक व्यक्ति 12-12 साल वाले लड़के लेकर पहुंचे क्या उन्हें रखेंगे, यही हाल इंडी गठबंधन वालों का है। इंडी गठबंधन वाले 2014 तक देश को बर्बाद कर गए थे। हमें सत्ता मिली तो हमें गड्ढे भरने में ही काफी समय लगा।

## धर्म पर आधारित आरक्षण का संविधान में कोई भी प्रावधान नहीं गलत चीज का विरोध करना, धर्म विशेष का विरोध करना नहीं है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पूर्व सीएम व विदिशा से लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि भाजपा ने कभी भी हिंदू-मुसलमान पर चर्चा नहीं की। भाजपा किसी धर्म के खिलाफ नहीं है पीएम मोदी ने भी स्पष्ट रूप से ये कहा है। भारत में धर्म पर आधारित आरक्षण का संविधान में कोई भी प्रावधान नहीं है। लेकिन विपक्षी दलों ने दाएं ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### ये भी बोले शिवराज

- दुनिया भारत और मोदी के बिना नहीं चल सकती
- संविधान का जितना आदर भाजपा करती है कांग्रेस ने कभी नहीं किया
- कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है, वह अब 'रीजनल पार्टी' बन गई है

#### उनसे सीधी बात

*प्रश्नः विदिशा लोकसभा सीट पर चुनाव होने के बाद आप देश के अलग-अलग राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए क्यों निकल पड़े?*

*उत्तरः भाजपा राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण का अभियान और आंदोलन है। राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण के लिए, देश की सेवा के लिए, जनता के कल्याण के लिए, दरिद्र नारायण की सेवा के लिए भाजपा राजनीति करती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने नई ऊंचाइयां छुईं। दुनिया भारत और मोदी के बिना नहीं चल सकती। भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को शाश्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन कोई कराएगा तो वो भाजपा है। पार्टी का काम भगवान की पूजा जैसा है। इसलिए, जहां जो काम पार्टी देती है उसको अपनी सामर्थ्य और पूरी क्षमता के साथ पूरा करने का प्रयत्न करता हूं। यह हमारा कर्तव्य है। पार्टी का काम ही हमारे लिए देश का काम है।*

*प्रश्नः मध्यप्रदेश आपका मंदिर और आप इसके पुजारी थे, अब देश में कहां पूजा करने के लिए निकल पड़े?*

*उत्तरः देश में ही मध्यप्रदेश है। पार्टी में जब आप काम करते हैं तो पार्टी तय करती है कि आपको क्या करना है। पार्टी के आदेश पर लोकसभा का चुनाव लड़ा और साथ में मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए गया। प्रदेश की जनता की सेवा का करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है।*

*प्रश्नः 2014, 2019 और अब 2024 के लोकसभा चुनाव में क्या अंतर है?*

*उत्तरः 2014 से पहले माना जाता था कि ऐसे मुद्दे जो केवल नारे लगाने के माने जाते थे। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद पूरे हुए हैं। धारा 370 का समाप्त हुई। सीएए लागू हो रहा है। अयोध्या में दिव्य और भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ। देश की आर्थिक मोर्चे पर प्रगति* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### चार धामः 200 मी. तक मोबाइल प्रतिबंधित

देहरादून। चारधाम यात्रा के दौरान मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित रहेंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा है कि कई लोग ऐसे भी पहुंच रहे जो केवल घूमने आ रहे हैं। हरकतों से लोगों की आस्था को ठेस पहुंच रही है। कहा कि इस बात का विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि यहां आस्था को कोई ठेस न पहुंचाया।

### टॉयलेट के टिशू पेपर में लिखा मिला 'बम'

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट के पुलिस अधिकारी ने बताया कि वडोदरा के लिए जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के शौचालय के टिशू पेपर में बम लिखा पाया। जानकारीपुलिस अधिकारियों दी गई। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई एयरपोर्ट) उषा रंगनानी ने कहा मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए गहन निरीक्षण किया गया और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## स्वाती मालीवाल मामले में एफआईआर दर्ज,सीएम के पीए पर आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल से मुख्यमंत्री आवास पर हुई बदसलूकी के मामले में दिल्ली पुलिस ने गुरुवार देर रात एफआईआर दर्ज की है। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव (पीएम) बिभव



कुमार का नाम है। बिभव पर सीएम आवास में स्वाति के साथ बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगे हैं।इस घटना के 3 दिन बाद गुरुवार को सुबह दिल्ली पुलिस की एक टीम स्वाति के घर पहुंची और उनका बयान दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, स्वाति ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शॉर्ट सर्किट का अंदेशा...दिल्ली भाजपा ऑफिस में आग, नुकसान नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा दफ्तर में गुरुवार शाम अचानक आग लगने की घटना सामने आई। पार्टी का दफ्तर पंडित पंत मार्ग पर स्थित है। घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

बताया जा रहा है कि बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट की एक मामूली घटना की वजह से आग लगी थी। आग बहुत ज्यादा नहीं थी। मौके पर मौजूद फायर डिपार्टमेंट की टीम ने 15 से 20 मिनट के अंदर आग पर काबू पा लिया था। इस दौरान भाजपा ऑफिस परिसर में बिजली चली गई थी, कुछ ही देर बाद बिजली आ गई थी। दिल्ली भाजपा मीडिया सेल के मुताबिक शाम करीब 4.15 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही एनडीएमसी इलेक्ट्रिक स्टाफ और फायर ब्रिगेड की टीम भाजपा दफ्तर पहुंच गई। शाम साढ़े चार बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में प्रॉपर्टी को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। आग के चलते आसमान में धुएं का गुबार नजर आया।







# ठगी की रकम गरीबों में बांटने वाला 'रॉबिनहुड' गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मध्य दिल्ली की करोल बाग पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो ठगी की रकम गरीब लोगों की मदद के लिए खर्च करता था। इसी वजह से उसे गांव में रॉबिनहुड का तमगा भी मिल चुका था। अब वह गांव में सरपंच का चुनाव लड़ने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस ने उससे पहले ही उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। आरोपी राजेन्द्र कुमार मीना उर्फ राजू 18 साल सेना में सेवा दे चुका है।

आपराधिक मामला दर्ज होने पर उसे सेना से बर्खास्त किया गया था। आरोपी गांव न्योराना, नीम का थाना, राजस्थान का रहने वाला है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि आरोपी के पास से 192 एटीएम कार्ड, 24,500 रुपए कैश और सोने की बाली बरामद हुई है। जांच में वह 26 मामलों में शामिल पाया गया है। 5 मई को करोल बाग थाने में भी इसके खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज हुई थी। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि 16 अप्रैल को वह कोटक महिंद्रा बैंक, गफ्फार मार्किट में गया तो वहा किसी ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल 22,200 रुपए निकाल लिए थे। पुलिस ने चीटिंग केस दर्ज कर जांच शुरु की। जहां से कैश निकाला गया, पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए। फुटेज में नजर आए आरोपी की पहचान राजेन्द्र कुमार मीना के तौर पर की गई। पुलिस ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटायी और मुखबिर की निशानदेही पर उसे करोल बाग सीजीएचएस डिस्पेंसरी के पास से पकड़ लिया। तलाशी लेने पर इसके पास से 192 एटीएम कार्ड मिले। वह पहले भी इस तरह के मामलों में शामिल रह चुका है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह एटीएम मशीन में कुछ उपकरण लगा देता था, जिस वजह से कैश निकालने के लिए पहुंचे लोगों का ट्रांजेक्शन अस्वीकार हो जाता था। इस दौरान वह प्लानिंग के तहत उसकी मदद के बहाने मौका देख एटीएम कार्ड बदल देता था। चुपके से एटीएम पिन नंबर पता करने के बाद वह उस एटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर रुपए निकाल लेता था।

### अपहरण और लूट के 20 साल पुराने मामले में वांटेड आरोपी दबोचा

क्राइम ब्रांच की टीम ने 20 साल पुराने अपहरण और लूट के मामले में वांटेड शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शिव शंकर उर्फ छलिया बताया गया है। 14 साल पहले कोर्ट ने इसे केस में भगौड़ा घोषित किया था। डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार आरोपी 12 मामलों में शामिल रहा है। जिसमें से अधिकतर मामले एक्साइज एक्ट के है। इसके ऊपर 20 साल पहले सरिता विहार थाने में अपहरण, मारपीट और लूट का केस दर्ज हुआ था। मामले में आरोपी गिरफ्तार हो गया था, लेकिन बेल पर बाहर आकर वह फरार हो गया था। बाद में कोर्ट ने इसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा।

## दिल्ली कैंटः खुदकुशी करने रेलवे ट्रैक पर पहुंची महिला को पुलिस ने बचाया

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के दिल्ली कैंट इलाके में रेलवे ट्रैक पर सुसाइड के लिए पहुंची महिला को पुलिस ने समय रहते बचा लिया। पलभर की भी देर होती तो महिला की जान जा सकती थी। मामले में पुलिस ने महिला की काउंसलिंग कराने के बाद उसे पति के हवाले कर दिया है। बताया गया है कि महिला घरेलू झगड़े की वजह से खुदकुशी जैसा खौफनाक कदम उठाने रेलवे ट्रैक पर पहुंची थी। डीसीपी साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट रोहित मीना ने बताया अंबेडकर नगर थानाध्यक्ष ने कॉल कर इस मामले की सूचना दी। बताया कि एक महिला अपने घर से खुदकुशी के लिए दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन जा रही है। यह जानकारी देने के साथ उस महिला की तस्वीर और मोबाइल की लोकेशन भी शेयर की गई। इस इनपुट पर फौरन दिल्ली कैंट थाने की एक टीम को रेलवे स्टेशन भेजा गया। खोजबीन के दौरान उस महिला को रेलवे ट्रैक पर देखा गया। इसके बाद पुलिस टीम के एक सदस्य ने वहां पहुंच महिला को सुरक्षित बचा लिया। इसके बाद महिला को स्थानीय थाने लाकर अंबेडकर नगर पुलिस को इतला दी गई। अंबेडकर नगर थाने का स्टाफ महिला के पति संग दिल्ली कैंट थाने आया, जहां कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला को उनके हवाले कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### महरौलीः फ्लैट दिलाने के बहाने महिला से रेप, प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** महरौली इलाके में फ्लैट दिलाने के बहाने एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस के आरोपी राहुल को अरेस्ट भी कर लिया है। वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। आरोप है कि फ्लैट दिखाने के बहाने महिला से रेप किया गया। पुलिस के मुताबिक 14 मई को 36 साल की महिला की शिकायत पर महरौली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता का आरोप है वह फ्लैट खरीदना चाहती थी। इसी सिलसिले में वह आरोपी के संपर्क में आई। डेढ़ साल से दोनों एक दूसरे को जानते हैं। उनके बीच बातचीत का सफर दोस्ती तक पहुंच चुका था और आरोपी ने उसके साथ कई बार रेप किया। पिछले साल एक दिन वह उसके घर आया और पांच हजार डॉलर भी ले गया। पीड़िता का पति पेशे से इंजीनियर है।

### कोर्ट ने नाबालिग पीड़िता के मुकरने के बावजूद व्यक्ति को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली।** राजधानी की अदालत ने एक असाधारण फैसला सुनाते हुए लगभग दस साल पहले 12 वर्षीय एक लड़की के साथ बलात्कार करने के लिए एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है जबकि इस मामले में पीड़िता अपने बयान से मुकर गई थी। अदालत ने कहा कि डीएनए और एफएसएल नतीजों जैसे 'निर्णायक सबूत' के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया जाता है। आमतौर पर यौन उत्पीड़न के मामलों में बलात्कार पीड़िता की गवाही को मुख्य सबूत माना जाता है और यदि पीड़िता आरोपी को 'क्लीन चिट' दे देती है तो उसे संदेह का लाभ मिल जाता है और वह छूट जाता है। अक्टूबर 2014 में नाबालिग लड़की से हुए बलात्कार के इस मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने कहा कि पीड़िता हालांकि इस तथ्य से मुकर गई कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे, लेकिन डीएनए और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के नतीजों से सच्चाई सामने आ गई है, जो कि एक निर्णायक सबूत है। अदालत ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने चिकित्सक, पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयानों में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत के समक्ष अपने चौथे बयान में हालांकि वह मुकर गई। अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने किया ईडी और केजरीवाल के वकीलों के दावों पर विचार करने से इनकार

# 'केजरीवाल को अंतरिम जमानत कोई अपवाद नहीं, फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना किसी के लिए कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केजरीवाल के वकीलों के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा।

### तुषार मेहता ने केजरीवाल के भाषणों पर जताया विरोध

ईडी की ओर से सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आम आदमी पार्टी को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा। पीठ ने मेहता से कहा कि यह उनका मानना है। हम कुछ नहीं कह सकते। उसने कहा कि हमारा आदेश इस बारे में बहुत स्पष्ट है कि उन्हें कब आत्मसमर्पण करना है। यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश है। विधि का शासन इस आदेश से संचालित होगा। मेहता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने अपने दावों से जमानत की शर्त का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि वह क्या कहने की कोशिश कर रहे हैं? यह संस्था पर तमाचे की तरह है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अदालत का आदेश स्पष्ट है कि उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा। पीठ ने कहा कि हमने आदेश में ऐसा कुछ नहीं कहा है कि वह मामले के बारे में नहीं बोल सकते।

### अभिषेक सिंघवी ने किया केंद्रीय गृह मंत्री साक्षात्कार का उल्लेख

केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कार्यवाही के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए बिना उनके एक साक्षात्कार का उल्लेख किया जिसमें शाह ने कहा था कि कई लोगों को लगता है कि अदालत ने केजरीवाल के साथ विशेष रुख अपनाया है। पीठ ने सिंघवी से कहा कि वह इस मुद्दे में नहीं जा रही। सिंघवी ने इस बात से इनकार किया कि केजरीवाल ने ऐसा कोई बयान दिया था कि लोग यदि उनकी पार्टी को वोट नहीं देते तो उन्हें जेल वापस जाना पड़ेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि इस संबंध में वह शपथपत्र दे सकते हैं। शीर्ष अदालत कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने 10 मई को इस मामले में केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी। एक जून को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। न्यायालय ने उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करने को कहा है। केजरीवाल को इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

## आबकारी मामले में केजरीवाल व आप के खिलाफ जल्द आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा : ईडी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी(आप) के खिलाफ कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दर्ज करेगा। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस.वी.राजू ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायामूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि हम अरविंद केजरीवाल और 'आप' के खिलाफ अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल करने का प्रस्ताव करते हैं। हम जल्द यह करेंगे। यह प्रक्रिया में है। ईडी ने यह बयान केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री को इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। शीर्ष अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में 10 मई को एक जून तक केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी थी। न्यायालय ने उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करने को कहा है।



अदालत ने हालांकि, उप राज्यपाल की आवश्यक मंजूरी मिलने तक उन्हें दिल्ली सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जाने और फाइल पर हस्ताक्षर करने से रोक दिया है। यह मामला दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित अनियमितता और भ्रष्टाचार करने से जुड़ा है जिसे अब रद्द कर दिया गया है।

## कविता की याचिका पर सीबीआई अपना रुख स्पष्ट करें: हाईकोर्ट






एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई 24 मई के लिए निर्धारित कर दी।

इसी दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धन शोधन के मामले में जमानत को लेकर कविता द्वारा दाखिल एक अन्य याचिका पर भी सुनवाई होनी है। हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया और एक अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के खिलाफ कविता की एक अन्य याचिका पर भी सीबीआई से जवाब मांगा। अधीनस्थ न्यायालय ने एजेंसी को कविता को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी थी। कविता कथित घोटाले के संबंध में ईडी और सीबीआई दोनों ही एजेंसियों द्वारा दर्ज मुकदमों में न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत में कविता का पक्ष उनके वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी और नीतेश राणा ने रखा। ईडी के मामले में कविता की जमानत याचिका हाईकोर्ट के समक्ष लंबित है, जिसके लिए भी एजेंसी को जवाब दाखिल करने को कहा गया है। कविता ने अधीनस्थ न्यायालय के छह मई के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें भ्रष्टाचार मामले के साथ-साथ धन शोधन के मामले में उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। ईडी ने कविता (46) को 15 मार्च को हैदराबाद में बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था और वह इस मामले में न्यायिक हिरासत में थीं। सीबीआई ने उन्हें यहां तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

## बीएमडब्ल्यू ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो की मौत और तीन घायल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/नोएडा

नोएडा में बृहस्पतिवार सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला जब एक बीएमडब्ल्यू कार ने एक ई-रिक्शे को टक्कर मार दी। इस घटना में ई-रिक्शा सवार दो लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीएमडब्ल्यू कार में सवार दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि एक युवक फरार है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 6 बजे के करीब सुमित्रा अस्पताल के सामने तेजी से आ रही बीएमडब्ल्यू कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक ई-रिक्शे में पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घटना में ई-रिक्शा चालक और उस पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिश्रा ने बताया कि उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया,



जहां इलाज के दौरान मोहम्मद मुस्तफा (50) तथा रश्मि (25) की मौत हो गई। रश्मि मेट्रो अस्पताल में नर्स के रूप में काम करती थी। अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल ई-रिक्शा चालक राजेंद्र (45) और पवन (27) तथा सूरज (20) की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

डीसीपी ने बताया कि बीएमडब्ल्यू कार में सवार तुषार (22 वर्ष) तथा संदीप बत्रा (21 वर्ष) को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-41 निवासी दोनों युवक छात्र हैं। मिश्रा के अनुसार कार में सवार तीसरा युवक अमन सिसोदिया मौके से भाग गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि तीनों सुबह घर से नाश्ता करने के लिए निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच कर रही है।


## पहचान की अपील



अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अज्ञात, पुत्र अज्ञात, निवासी अज्ञात,** आयु लगभग 45 वर्ष, कद 5'6", रंग सांवला, गोल चेहरा, मध्यम शरीर, जो हल्के पीले रंग की टी–शर्ट तथा हल्के नीले रंग की जींस पैंट पहने हुए दिनांक 24.04.2024 को मदर डेयरी के नज़दीक, जेजे कॉलोनी, मदनपुर खादर, नई दिल्ली मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 20, दिनांक 24.04.2024 को थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी**
**थानाः कालिंदी कुंज, नई दिल्ली**
**फोनः 9582904454**

DP/5447/SE/2024


## बदरपुरः चार मंजिला मकान की पार्किंग में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

▪ प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी लगी आग, कोई हताहत नहीं

बदरपुर में चार मंजिला मकान की पार्किंग में आग लग गई। इस घटना में तीन कार और स्कूटी आग की चपेट में आ गई। फायर कंट्रोल रूम को मामले की सूचना गुरुवार सुबह सवा छह बजे मिली। मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशनों से आग बुझाने वाली तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के अनुसार यह घटना बदरपुर के धरमवीर मार्केट के पास स्थित गली नंबर एक में हुई थी। जिस मकान की पार्किंग में आग लगी थी, वह चार मंजिला बना हुआ था। इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मध्य दिल्ली में स्थित कार्यालय में बृहस्पतिवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।अधिकारियों ने कहा कि उन्हें शाम 4.25 बजे फोन के जरिये पंडित पंत मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में आग लगने की सूचना मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि सूचना मिलते ही तीन दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। चंद मिनटों के अंदर ही आग पर काबू पा लिया गया। भाजपा ने एक बयान जारी कर कहा कि विद्युत मीटर बॉक्स में शॉट सर्किट के कारण आग लगने की घटना हुई। डीएफएस के अधिकारी ने कहा कि हमने आगे की जांच के लिए पुलिस को सूचना दे दी है।

### नोएडा में आठ साल के बच्चे को कुत्ते ने काटा

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर-113 थानाक्षेत्र के सोरखा गांव में 'पिटबुल' नस्ल के एक कुत्ते ने आठ साल के एक बच्चे को बुरी तरह काट लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि सोरखा गांव की संतोष ने बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका आठ वर्षीय बेटा सिद्धांत रविवार रात अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी अभिषेक नामक व्यक्ति के 'पिटबुल डॉग' ने उसे काट लिया। उन्होंने बताया कि उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कुत्ते के हमले से उसके पैर और पेट पर गहरा घाव हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बच्चे के पिता ने बताया कि इस घटना के बाद उनका बेटा सहमा हुआ है। उनके अनुसार कई बार कुत्ते के मालिक को कहा गया कि वह कुत्ते के मुंह पर 'माउथ कवर' लगाकर घुमाएं लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने कुत्ते के मालिक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

### विमान में मची अफरा-तफरी

# दिल्ली से वड़ोदरा जाने वाली उड़ान में टिशू पेपर पर 'बम' लिखा मिला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई) पर दिल्ली-वड़ोदरा की एयर इंडिया की एक उड़ान में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चालक दल के एक सदस्य ने विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर पर 'बम' शब्द लिखा देखा। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम को यह नोट मिलने के बाद विमान की तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जब चालक दल के सदस्य ने शाम सात बजे 'बम' लिखा टिशू पेपर देखा, उस समय विमान उड़ान भरने के लिए



तैयार था। उन्होंने कहा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और दिल्ली पुलिस को सूचित किया गया तथा यात्रियों को विमान से उतरने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि विमान की गहनता से जांच की गई तो कुछ भी नहीं मिला। अधिकारी ने कहा कि हवाईअड्डे के पास एक होटल में यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी। एअर इंडिया के एक बयान के अनुसार, दिल्ली से वड़ोदरा के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई819 में प्रस्थान से पहले एक विशिष्ट सुरक्षा चेतावनी जारी की गई। बयान में कहा गया कि आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा विमान को अनिवार्य जांच के लिए दूर स्थित एक पट्टी पर ले जाया गया। वहां मौजूद हमारे सहयोगियों ने सुनिश्चित किया कि इस अप्रत्याशित व्यवधान से हमारे मेहमानों को कम से कम असुविधा हो। इसमें कहा गया है कि एअर इंडिया अपने यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। यात्रियों ने बृहस्पतिवार सुबह विशेष विमान से वड़ोदरा के लिए उड़ान भरी।


## केन फिन होम्स लिमिटेड

Can Fin Homes Ltd
(Sponsor: CANARA BANK)
HOME LOANS • DEPOSITS
Translating Dreams into Reality

प्रथम तल, रेवाड़ी कॉ–ऑपरेटिव बैंक के ऊपर, निकट हनुमान मंदिर, सोहना रोड, धारुहेड़ा (जिला–रेवाड़ी), हरियाणा
फोनः 01274-242381, मो. 7625079165
ई–मेलः dharuhera@canfinhomes.com CIN: L85110KA1987PLC008699

**कब्जा सूचना [नियम 8(1)] अचल सम्पति के लिए**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने केन फिन होम्स लिमिटेड, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के साथ पठित प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **01.03.2024** को जारी की थी जिसमें उधारकर्ता **श्री राजेश कुमार कुन्धरिया** पुत्र श्री मामराज कुन्धरिया (उधारकर्ता), **श्रीमती नीतू** पत्नी श्री राजेश कुमार कुन्धरिया (सह–उधारकर्ता) और **श्री विनोद कुमार** पुत्र श्री काली चरण (गारंटर) से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि **रु.14,27,742/– (रुपए चौदह लाख सत्ताईस हजार सात सौ बयालिस मात्र)** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर वसूली की तारीख तक संविदात्मक दर पर अतिरिक्त अग्रिम ब्याज के साथ, चुकाने की मांग की गई थी।

कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **14 मई 2024** को प्राप्त कर लिया है।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।**

विशेष रूप से कर्जदार/रों, गारंटर/रों को तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार केन फिन होम्स लिमिटेड, की बकाया राशि **रु.14,27,742/– (रुपए चौदह लाख सत्ताईस हजार सात सौ बयालिस मात्र)** और आगे के ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

**अचल सम्पति का विवरण**

फ्लैट नंबर Z1/311 कृष सिटी–II, अलवर रोड भिवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान– 301019
**संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं:** उत्तरः फ्लैट नंबर 310, दक्षिणः सीढ़ियाँ, पूर्वः आंतरिक सड़क, पश्चिमः प्रवेश/मार्ग

तिथिः 16.05.2024
स्थानः धारुहेड़ा

हस्ता./–,
प्राधिकृत अधिकारी, केन फिन होम्स लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### सीजन की सबसे अधिक बिजली खपत 6800 मेगावाट दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गर्मियों के इस सीजन में गुरुवार 16 मई 2024 को बिजली की मांग का आंकड़ा 6800 मेगावाट के करीब दर्ज हुआ, जो 2023 में मई महीने की खपत में 100 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी है। इस बारे में निजी बिजली कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि गर्मियों के इस सीजन में दिल्ली में बिजली की मांग 6780 मेगावाट तक पहुंच गई। इसमें बीएसईएस की इकाई बीआरपीएल क्षेत्र में मांग 2861 मेगावाट और बीवाईपीएल एरिया में मांग का आंकड़ा 1488 मेगावाट तक पहुंचा, जिसको सफलतापूर्वक पूरा किया गया। प्रवक्ता की माने तो मई 2024 के पहले16 दिनों में दिल्ली की अधिकतम बिजली की मांग मई 2023 की तुलना में 100 प्रतिशत अधिक दर्ज हुई है। गत वर्ष मई के पहले 16 दिनों में दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 5781 मेगावाट दर्ज हुई थी। जबकि 23 अप्रैल की तुलना में 24 अप्रैल में बिजली की मांग संबंधित दिनों में 83 प्रतिशत अधिक है। कामत ने बताया कि एसएलडीसी के आंकड़ों के अनुसार 16 मई 2024 को दोपहर 3:26 बजे बिजली की मांग का आंकड़ा 6780 मेगावाट दर्ज हुआ था।

### आईपी यूनिवर्सिटी में 20 मई तक आवेदन करने का अवसर

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी में एमबीए कैट स्कोर और एलएलबी एवं एलएलएम क्लैट स्कोर के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया चल रही है। यह काउन्सलिंग प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन मोड में है। जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क 1500 रुपए जमा करा रखे हैं वे अब 20 मई तक 1000 रुपए काउन्सलिंग भागीदारी शुल्क के रूप में जमा करा सकते हैं। जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क के 1500 रुपए अभी तक जमा नहीं कराए हैं वे इसे भी काउन्सलिंग भागीदारी शुल्क के साथ 20 मई तक जमा करा सकते हैं। बीटेक में जेईई के आधार पर आवेदन की प्रक्रिया कल समाप्त हो गई है। जल्द ही इस प्रोग्राम के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। उस दौरान एक साथ आवेदन शुल्क और काउंसलिंग भागीदारी शुल्क जमा कराया जा सकता है। अन्य नेशनल लेवल टेस्ट्स आधारित एवं मेरिट आधारित प्रोग्राम में दाखिले के लिए 25 मई तक आवेदन किया जा सकता है।

## स्पेशल सेल की टीम ने की चार घंटे पूछताछ, स्वाति के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई

# तीन दिन बाद मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को दी घटना की विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई कथित बदसलूकी मामले को लेकर दिल्ली पुलिस पूरी तरह से सक्रिय होती नजर आ रही है। स्पेशल सेल के अफसरों के नेतृत्व वाली एक टीम गुरुवार दोपहर मालीवाल के आवास पर पहुंची। करीब चार घंटे तक उनसे सवाल जवाब किये गये। सूत्रों का कहना है कि इस लंबी पूछताछ के दौरान मालीवाल ने 13 मई को हुई घटना की विस्तृत जानकारी पुलिस को दी। दिल्ली पुलिस द्वारा मालीवाल के घर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। उधर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी दिल्ली पुलिस से मामले में एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। आयोग द्वारा विभव कुमार को भी समन भेजकर शुक्रवार को पेश होने को कहा है।

स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा समेत तीन आईपीएस अफसरों वाली एक टीम दोपहर करीब डेढ़ बजे स्वाति मालीवाल के दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित टाइप 7 सरकारी आवास पर पहुंची थी। स्वाति ने इस लंबी पूछताछ के दौरान पुलिस को क्या बयान दर्ज करवाये यह अभी साफ नहीं हो पाया है। पुलिस अधिकारी मामले में कुछ बोलने से बच रहे हैं। गौरतलब है कि मालीवाल सोमवार सुबह सिविल लाइन्स थाने पहुंची थी और उन्होंने आरोप लगाया था कि



केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ बदसलूकी की थी। पुलिस को मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं की गई थी। पूरे मामले पर गृह मंत्रालय भी नजर बनाये हुये हैं। उधर गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी मामले को लेकर पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। एनसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजकर एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा है। विभव कुमार को भी आयोग द्वारा समन भेजकर शुक्रवार सुबह 11 बजे उनका पक्ष सुनने के लिये बुलाया है।

### मालीवाल के साथ मारपीट में शामिल व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए : रागिनी

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने बृहस्पतिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट के मामले में शामिल व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में 'इंडिया' गठबंधन के तहत मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। रागिनी नायक ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस पार्टी का रुख बिल्कुल स्पष्ट है। उनका कहना था कि अगर किसी महिला के खिलाफ कोई अपराध होता है, तो अपराध में जो भी शामिल है, चाहे वह किसी राजनीतिक दल से हो या नहीं, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। आप सांसद संजय सिंह ने भी यही बात कही और कांग्रेस पार्टी ने भी यही बात कही है। उन्होंने यह भी कहा कि मालीवाल खुद अपने कानूनी अधिकारों को समझती हैं क्योंकि वह दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। रागिनी ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया अपना काम करेगी।

### एनसीडब्ल्यू के नोटिस के बाद विभव को नहीं बचा पाएंगे केजरीवाल, सच आएगा सामने : सचदेवा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग के नोटिस के बाद हमें उम्मीद है कि अरविंद केजरीवाल अपने सहयोगी विभव को नहीं बचा पाएंगे और स्वाति मालीवाल की घटना का सच सबके सामने आएगा। यह बात गुरुवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही। वहीं सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ बैठकर सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा स्वाति मालीवाल मामले के बयान को शर्मनाक बताया है और कहा कि जब उत्तर प्रदेश में एक ऐसी ही घटना सामने आई थी तो उस वक्त अखिलेश यादव के पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि लड़कों से ऐसी गलती हो जाती है। सचदेवा ने कहा कि अरविंद



केजरीवाल और उनके सभी नेता चुप्पी साध कर बैठे हैं। दूसरी तरफ सांसद सदस्य संजय सिंह बोल रहे थे कि अरविंद केजरीवाल के आवास पर घटना हुई है और अरविंद केजरीवाल ने इस पर संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जबकि केजरीवाल ने कोई संज्ञान नहीं लिया है और वह तो विभव कुमार को साथ लेकर घूम रहे हैं।

सचदेवा ने कहा कि गुरुवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और विभव कुमार के साथ घूमने की तस्वीर सामने आई है। जिसे संजय सिंह खुद अपराधी मान रहे हैं उसी को साथ लेकर घूम रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि नारी के सम्मान और अभिमान की बात करना सिर्फ दिखावा है क्योंकि आम आदमी पार्टी का चरित्र बिल्कुल इससे विपरीत है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जो दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के साथ ही संवैधानिक पद पर बैठे हैं, उनकी मौजूदगी में यह घटना हुई है, लेकिन यह उनकी गुंडागर्दी है जिसे दिल्ली बर्दाश्त नहीं करेगी और अरविंद केजरीवाल को अपने पद से तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

### मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था, आशा है पुलिस उचित कार्रवाई करेगी : मालीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने गुरुवार को चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि मेरे साथ जो हुआ वह बहुत बुरा था, आशा है कि पुलिस उचित कार्रवाई करेगी। यह बात स्वाति ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिख कर कही। स्वाति ने एक्स पर लिखा कि मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना स्टेटमेंट दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्यवाही होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूं। जिन लोगों ने चरित्र हनन करने की कोशिश की, ये बोला कि दूसरी पार्टी के इशारे पर कर रही है, भगवान उन्हें भी खुश रखे। देश में अहम चुनाव चल रहा है, स्वाति मालीवाल ज़रूरी नहीं है, देश के मुद्दे ज़रूरी हैं। बीजेपी वालों से ख़ास गुजारिश है इस घटना पर राजनीति न करें।

### भाजपा बताए गरीब क्यों रो रहा है खून के आंसू, खाद्य वस्तुओं पर क्यों लगाया जीएसटी : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा से पूछा है कि वह बताएं आखिर गरीब आदमी आज खून के आंसू क्यों रो रहा है। मोदी सरकार ने खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी कर क्यों लगाया है। एआईसीसी की प्रवक्ता रागिनी नायक ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों को परेशान करके रख दिया है। खाने पीने की वस्तुओं पर केंद्र सरकार ने जीएसटी लगाकर महंगाई को आसमान पर पहुंचा दिया है। रागिनी ने कहा कि एक तो महंगाई की मार ऊपर से जीएसटी के नाम पर मोटा कर लगाना गरीबों पर कुठाराघात से कम नहीं है। ऐसे में गरीबों के सामने सबसे बड़ी परेशानी रोजी रोटी कमाना हो गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में मतदाता के सामने इंडिया गठबंधन सबसे बड़ा विकल्प बनकर उभरा है। उन्होंने आरोप लगाए कि सत्ता के चमचमाते सिंहासन पर बैठे नरेन्द्र मोदी का गरीबों से कोई सरोकार नहीं, कोई लेना-देना नहीं ।

### वरिष्ठ भाजपा नेता वीके मल्होत्रा ने अपने निवास पर किया मतदान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के 92 वर्षीय वरिष्ठ नेता प्रो. वी.के. मल्होत्रा ने गुरुवार को नई दिल्ली में आपने निवास पर अपना मतदान किया, इस अद्वितीय पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैंने जब से मतदाता बना हूं, हर चुनाव में गर्व से मतदान किया है, डेमोक्रेटिक प्रक्रिया को कभी भी नहीं छोड़ा। इस घर की सुविधा मतदान ने मुझे एक अवसर दिया कि मैं इस चुनाव में भी कोई कमी न होने दूं जबकि अब मेरे पैरों में चलने की समस्या है। यह विशेष पात्र मतदाताओं को अपने घर की सुविधा में मतदान करने का अवसर देकर लोकतंत्र की सेहत को मजबूत करती है, ताकि कोई मतदाता पीछे न रह जाए। प्रो. मल्होत्रा ने हर पात्र मतदाता से अपील की कि वे अपना मतदान करें। हर किसी को चुनाव में भाग लेना चाहिए और अपना मतदान करना चाहिए।

### सफाई कर्मचारियों की दुर्दशा के लिए सीधे तौर पर सीएम केजरीवाल जिम्मेदार : संजय गहलोत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सफाई कर्मचारियों की दुर्दशा के लिए सीधे तौर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिम्मेदार हैं। यह आरोप गुरुवार को करोल बाग स्थित दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने प्रैसवार्ता में लगाये हैं। संजय गहलोत ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि दिल्ली सरकार कर्मचारियों के हित मे कार्य करेगी परन्तु दिल्ली सरकार ने केवल ढाक के तीन पात वाली कहावत को ही चरितार्थ किया है। संजय गहलोत ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार दिल्ली सरकार ने एमसीडी में सरकार बनने से पहले सभी कर्मचारियों को नियमित करने, एरियर का भुगतान करने, मेडिकल सुविधा देने हेतु गारंटी दी थी उसमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं की। केवल एक दो महीने एक तारीख को वेतन देकर लीपापोती कर दी गई है। नियमित करने के मामले में भी दूर के ढोल सुहावने वाली कहावत सिद्ध हुई है। गहलोत ने प्रैसवार्ता में बताया कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में कार्यरत सफ़ाई कर्मचारी आज भी हड़ताल पर हैं चूंकि इन कर्मचारियों का पिछले तीन महीनों का वेतन बकाया है। वहीं दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में पिछले 35 महीनों से वेतन नहीं मिला है, वहां कार्यरत महिलाओं ने तो अपने ज़ेवर, गहने भी बेच दिये है। इससे साबित होता है कि दिल्ली सरकार दलित विरोधी सरकार है और नहीं चाहती कि दलित समाज उभरे।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कुलदीप और महाबल मिश्रा ने शुरू किया प्रचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ रोड शो और जन आशीर्वाद यात्रा निकाल कर जनता से मांग रहे हैं समर्थन

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों ने अपना धुआंधार चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अपने-अपने चुनावी क्षेत्र में रोड शो कर और जन आशीर्वाद यात्रा निकालकर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। इस कड़ी में गुरुवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने गुरुवार को कृष्णा नगर विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने जनता से अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने का जवाब वोट से देने की मांग की। कृष्णा नगर विधानसभा में रोड शो के दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि मैंने कृष्णा नगर विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा निकाल कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। जन आशीर्वाद यात्रा में भारी संख्या में शामिल होकर जनता ने अपना समर्थन दिया। जनता से मेरी अपील है कि आगामी 25 मई को दिल्ली की सातों सीटों पर मतदान होने जा रहा है। इस बार दिल्ली की जनता को अपने चहेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने का जवाब अपने वोट से देना है। ये लोग फिर आपके मुख्यमंत्री को जेल भेजना चाहते हैं। आपके मुख्यमंत्री और दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल दोबारा जेल न जाएं, इसके लिए सभी लोग 25 मई को झाड़ू का बटन दबाएं और हमें विजयी बनाने का काम करें।

वहीं पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने गुरुवार को विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क किया। उन्होंने हरिनगर, मादीपुर, नजफगढ़, द्वारका, विकासपुरी, मटियाला समेत अन्य विधानसभाओं में जनसंपर्क किया और अपने पक्ष में समर्थन मांगा।

### राहुल की रैली की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी की 18 मई 2024 को प्रस्तावित रैली की तैयारियों का जायजा लेने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव अशोक विहार रामलीला मैदान पहुंचे। इस मौके पर देवेंद्र के साथ कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित अन्य नेता मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि आगामी 18 मई को अशोक विहार, रामलीला मैदान से राहुल गांधी दिल्ली में चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे। चांदनी चौक सीट से कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल मैदान में है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं का आव्हान किया कि जन नायक राहुल गांधी को सुनने के लिए हजारों की संख्या में यहां पहुंचेंगे।

## दिल्ली भाजपा नेताओं ने पार्कों में चलाया प्रचार अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुवार सुबह दिल्ली भर के 87 जिला पार्कों में गए और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सुबह की सैर करने वालों के बीच प्रचार किया। लोगों ने भाजपा नेताओं का जोरदार स्वागत किया और सैकड़ों लोगों ने भाजपा के दावेदारों और अन्य नेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

गुरुवार को अभियान में शामिल होने वालों में प्रमुख थे त्रिनगर में वीरेंद्र सचदेवा, डीडीयू पार्क में पवन राणा, कालकाजी में रामवीर सिंह बिधूड़ी, रोहिणी में योगेन्द्र चंदोलिया, अजमल खान पार्क में बांसुरी स्वराज, यमुना विहार में अजय महावर, कालकाजी में योगिता सिंह, सोनिया विहार में मोहन सिंह बिष्ट, लोनी रोड पर जितेन्द्र महाजन, बैंक एन्क्लेव में अभय वर्मा, सूरजमल पार्क में ओमप्रकाश शर्मा, गांधी नगर में अनिल बाजपेयी, अंधेरिया मोड़ पर गजेंद्र यादव, विकासपुरी में राजीव बब्बर, दिल्ली विश्वविद्यालय में राजा इकबाल सिंह, रेखा गुप्ता पीतमपुरा में, ब्रिजेश राय बुराड़ी में के अलावा सभी प्रदेश उपाध्यक्षों, सचिवों, प्रवक्ताओं और जिला अध्यक्षों ने प्रचार में भाग लिया। इस दौरान सचदेवा ने कहा कि आज के अभियान के दौरान हमारे कार्यकर्ता सीधे एक-से-एक संपर्क में लगभग 50 हजार लोगों से मिलने और उनका अभिवादन करने में सक्षम हुए। सचदेवा ने कहा कि पार्कों में जिन लोगों से हम मिले उनमें से अधिकांश ने पिछले दशक में भारत में हुए विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कई पार्कों में लोगों ने यह कहकर भाजपा नेताओं का स्वागत किया किया जो राम मंदिर लाएंगे हम उनको लाएंगे। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मॉर्निंग वॉक करने वालों से अपील की कि 25 मई को मॉर्निंग वॉक के बाद घर वापस जाने से पहले अपना वोट जरूर डालें। बांसुरी स्वराज ने अजमल खान पार्क में बैडमिंटन खेल रहे युवा मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के पहले घंटे में अपना वोट अवश्य डालें। उन्होंने उनके साथ बैडमिंटन गेम भी खेला।

### तिवारी ने की कमलजीत सहरावत के समर्थन में जनसभा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी विधानसभा में आयोजित एक विशाल जनसभा में भाजपा से सांसद और उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने कमलजीत सहरावत के समर्थन में प्रचार किया। जनता को संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने पश्चिमी दिल्ली की पूर्वांचली जनता को यह आश्वासन दिया कि उनकी बहन कमलजीत सहरावत जनता के लिए उसी प्रकार से काम करेंगे जैसे वो खुद अपने लोक सभा क्षेत्र में करते हैं। तिवारी ने कहा कि जिसने देश का मान सम्मान बढ़ाया, गरीबों को पक्की छत दी, हर गरीब परिवार को घर दिया, भारत को आँख दिखाने वाले को मुँह तोड़ जवाब दिया। आज समय है कि जनता उनका साथ देने का प्रण ले। उन्होंने आह्वान किया कि 25 मई को देश को और मजबूत और सशक्त बनाने के लिए भाजपा को वोट दें।



## खबर संक्षेप

### 10 किग्रा गांजा तस्करी के मामले में 5वीं गिरफ्तारी



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने 10 किलोग्राम गांजा तस्करी के मामले में 1 ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच ने सबसे पहले दो आरोपियों रामबाबू सिंह तथा भुल्लू को अवैध नशे सहित गिरफ्तार किया था और उसके बाद नशा सप्लाई करने वाले दो आरोपियों समीउल्लाह अंसारी तथा नितेश कुमार को बिहार से गिरफ्तार किया था। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राहुल कुमार है जो बिहार के सहारण जिले का रहने वाला है।

### लिफ्ट में एक घंटे फंसे रहे बच्ची व उसके पिता



**गुरुग्राम ।** सेक्टर 82 स्थित मैप्सको कासाबेला सोसाइटी की लिफ्ट में दस वर्षीय बच्ची व उसके पिता करीब एक घंटे फंसे रहे। कड़ी मशक्कत के बाद सोसाइटी प्रबंधन की टीम ने दोनों को बाहर निकाला। लिफ्ट में फंसे रहने के चलते उनकी तबियत खराब हो गई। लिफ्ट पहले भी कई बार खराब हो चुकी है। जिसको बदलने के लिए सोसाइटी निवासियों ने आरडब्ल्यूए और सोसाइटी प्रबंधन को शिकायत दी गई। लेकिन इसके बावजूद लिफ्ट नहीं बदलने से निवासियों में खासा रोष है।

### लूट को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे 4 काबू



**गुरुग्राम ।** सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड़ से गन प्वाईंट पर लूट का प्रयास करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने उन्हें पकड़ने गई पुलिस को भी लूटने का प्रयास किया था। पुलिस ने आरोपियों से 1 गाड़ी, 1 पिस्टल, 1 जिन्दा कारतूस सहित सरिया बरामद किया है। क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार को सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अकरम खांन , शिवम , संजय व फहीम के रूप में हुई। सभी आरोपियों की उम्र 20-25 वर्ष के बीच है।

### चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे 5वां आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच जितेंद्र की टीम ने वर्ष 2019 के चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी सुनार को गिरफ्तार किया है। आरोपी कासिम, शेख अक्सर दानिश तथा राहुल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी का नाम राजाराम उर्फ रामू सुनार है । अक्टूबर 2019 को सेक्टर 31 थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी कासिम, शेख अक्सर, दानिश, राहुल तथा अन्य कई आरोपियों ने एक मकान से करीब 20 तोला सोना व चांदी के जेवरात, घड़ी, कैमरा सामान चोरी किया था।

---

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के बहिष्कार करने की लोगों से अपील

# बाजार के लिए निकलने से पहले कपड़े का थैला जरूर साथ रखे, पॉलिथीन बैग हाथ में दिखाई दिया तो होगा जुर्माना

कवि नगर ज़ोन अंतर्गत अभियान चलाया गया। दुकानदारों को रेडी पटरी व्यापारियों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक भी किया गया तथा कई स्थानों पर पॉलिथीन बैग तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक प्राप्त हुई जिसको जब्त किया गया, लगभग 54 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम सीमा अंतर्गत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ़ लगातार अभियान चला रहा है। कवि नगर ज़ोन अंतर्गत अभियान चलाया गया। दुकानदारों को रेडी- पटरी व्यापारियों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक भी किया गया तथा कई स्थानों पर पॉलिथीन बैग तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक प्राप्त हुई जिसको जब्त किया गया, लगभग 54 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।



#### 13 दिन में 7 क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त

कवि नगर सी ब्लॉक मार्केट, आरडीसी हल्दीराम स्वीट , राज नगर संजय नगर व अन्य स्थानों पर अभियान चलाते हुए लगभग 17 किलो प्लास्टिक जब्त की है, मोहन नगर के लाजपत नगर क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया गया न केवल व्यापारी वर्ग को ही प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया गया बल्कि क्षेत्र वासियों को भी प्रतिबंधित प्लास्टिक के बहिष्कार की अपील लगभग 13 दिनों में चार लाख से अधिक जुर्माना प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान वसूल किया है, जिसमें 7 क्विंटल से अधिक प्लास्टिक जप्त भी की है गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा लगातार शहर वासियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक के बहिष्कार के लिए जागरूक किया जा रहा है जिसमें नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से भी पॉलिथीन बैग इस्तेमाल न करने की अपील की गई है बाजार जाने से पूर्व कपड़े का थैला साथ रखने के लिए जागरूक किया गया

---

### माइक्रो ऑब्जर्वर्स को चुनाव संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण

# माइक्रो ऑब्जर्वर चुनाव आयोग की आंख, कान व नाक बनकर करें ड्यूटी

निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में माइक्रो आब्जर्वरों को चुनाव संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के तीनों सामान्य चुनाव पर्यवेक्षकों ने भी माइक्रो ऑब्जर्वरों को चुनाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

***निर्वाचन आयोग की ओर से जारी हिदायतों के अनुसार अपना उत्तर दायित्व निभाएं***

***मतदान केंद्र पर कुछ गलत होता दिखाई दे तो तुरंत सामान्य ऑब्जर्वर को सूचना दें***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कम सिंह ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान केंद्रों पर मतदान के दौरान व्यापक नजर बनाए रखें। जनरल ऑब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 18वीं लोकसभा आम चुनाव-2024 के निर्वाचन को फ्री एंड फेयर तरीके से कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हाल में सभी माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया । जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि माइक्रो ऑब्जर्वर सामान्य पर्यवेक्षक के नियंत्रण में कार्य करने तथा आवंटित मतदान केंद्रों में निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी करने के निर्देश दिए।



साथ ही मतदान एवं मॉक पोल का भी निरीक्षण के साथ मॉक पोल समय पर कराने के लिए सभी ऑब्जर्वर्स समय अनुसार मतदान केंद्र पहुंचे। पोलिंग एजेंट्स व चुनावी एजेंट्स या किसी राजनीतिक दल की ओर से की गई शिकायतों को गंभीरता से लेकर सामान्य पर्यवेक्षक को सूचित करने को कहा। इसी तरह से मॉक पोल के दौरान पोलिंग एजेंट्स एवं राजनीतिक दलों की उपस्थिति पर भी नजर रखने और मतदान केंद्र के अंदर कोई अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश से रोकने के निर्देश दिए ।

मतदान के दौरान मतदाता के हाथ में चुनावी स्याही लग रही है या नहीं तथा मतदान के बाद ईवीएम सील हुई है या नहीं और बीयू, सीयू का नंबर नोटिंग किया गया है या नहीं इन सभी बातों पर अपनी पैनी नजर रखेंगे। मतदान केंद्र पर कोई गड़बड़ी होने पर इसकी जानकारी तुरंत सामान्य ऑब्जर्वर को देने को कहा गया। विशेष देखरेख एवं मार्गदर्शन के लिए मौजूद सामान्य पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह ने कहा की मॉकपोल से पहले अगर किसी भी राजनैतिक पार्टी का पोलिंग एजेंट नहीं आया तो उसको अपनी रिपोर्ट में लिखे। मतदान के दिन मॉक पोल के पश्चात सीयू, बीयू व वीवीपैट को क्लोज करने के बाद रिजल्ट देखकर वोटिंग मशीनों को क्लियर करना सुनिश्चित करें और साथ ही अपनी रिपोर्ट को बड़ी बारीकी से बनाना सुनिश्चित करें। इस दौरान नगर निगम जॉइंट कमिशनर द्विजा द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सभी माइक्रो आब्जर्वर को प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म दिखाकर प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सभी माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहे।

---




## वकीलों को मिलेंगे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस चैंबर : इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुड़गांव

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत ने वकीलों के साथ संवाद करते हुए कहा कि हरियाणा के अलग हाई कोर्ट की प्रक्रिया विचाराधीन है। उनका प्रयास है कि हरियाणा का अलग हाईकोर्ट चंडीगढ़ की बजाय मिलेनियम सिटी के रूप में पहचान बना चुके गुरुग्राम में बने। वह गुरुग्राम में हाई कोर्ट बनवाने की पुरजोर पैरवी कर रहे हैं। वीरवार की दोपहर राव इंद्रजीत गुरुग्राम की जिला अदालत में वकीलों के बीच पहुंचे थे। यहां बार रूम में वकीलों से रूबरू हो संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि गुरुग्राम बार प्रदेश की सबसे बड़ी बार है। यहां पीछे जितनी भी समस्याएं उनके संज्ञान में आई, उसका तत्परता से हल कराने का प्रयास किया गया है। वकीलों की पार्किंग की समस्या हल हो गई है। वकीलों के चैंबर की समस्या भी किसी हद तक सुलझ गई है। आने वाले दिनों में जस्टिस टावर का निर्माण पूरा होने के बाद वकीलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस चैंबर मुहैया होंगे। इस अवसर पर प्रवेश यादव, को-चेयरमैन बार कौंसिल पंजाब एंड हरियाणा, अमरजीत यादव, प्रेसिडेंट जिला बार एसोसिएशन, सत्यनारायण यादव, सचिव जिला बार एसोसिएशन, कुलभूषण भारद्वाज पूर्व प्रेसिडेंट जिला बार एसोसिएशन, पर्वत ठाकरान पूर्व प्रेसिडेंट जिला बार एसोसिएशन, नवीन गुप्ता टैक्स अधिवक्ता राव भगत सिंह अधिवक्ता, पी एस चौहान अधिवक्ता, अनिल ठकरान अधिवक्ता, अनुज सहरावत अधिवक्ता शाहिद अनेक बनवाने अधिवक्ता मौजूद थे।

## डेंगू रोकने के लिए पानी जमा न होने दें व शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू के प्रति जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया। जिला एमएमजी चिकित्सालय से रैली को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी भवतोष शंखधर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शंभूदयाल कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स के अलावा ठाकुरद्वारा गर्ल्स कॉलेज, एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज और गुरूनानक इंटर कॉलेज, लोहियानगर की छात्राओं के साथ ही स्कूल बैंड पार्टी एवं नामित स्वास्थ्य शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

---

**नशे की आपूर्ती के लिए बना अपराधी**

## लूट व डकैती को अंजाम देनेर वाले ईनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

क्राइम ब्रांच ने लूट, डकैती की दर्जनों वारदातों को अंजाम देने के मामले में ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे की आपूर्ती के लिए वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई तीन बाइक भी बरामद की हैं।

दरअसल, भोंडसी एरिया में एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान शेर मोहम्मद उर्फ शेरू उर्फ काना के रूप में हुई। आरोपी ने गुरुग्राम से चोरी की 5 वारदात, राजस्थान से चोरी की 1 वारदात, सोनीपत से चोरी, धोखाधड़ी की 1 वारदात व फरीदाबाद से डकैती की 1 वारदात को अंजाम देने का खुलासा किया है।



**सवा सौ से ज्यादा वारदातों को दिया अंजाम**

## ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश 3 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने सवा सौ से ज्यादा ई-रिक्शा चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। दिल्ली में रहने वाले आरोपी गुरुग्राम से ई-रिक्शा चोरी करके अपने अन्य साथियों को दिल्ली में 8 हजार रुपए में बेच देते। जिसके बाद इनके अन्य साथी उस ई-रिक्शा को आगे 15 हजार रुपए में बेच देते हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दरअसल, बजघेड़ा थाना पुलिस को एक शिकायत मिली कि उसका कुटुंब हॉस्पिटल बजघेडा चौक, गुरुग्राम से ई-रिक्शा चोरी हो गया। वहीं थाना राजेंद्र पार्क पुलिस को भी राजेंद्र पार्क, गुरुग्राम से ई-रिक्शा चोरी होने के संबंध में शिकायत मिली। दोनों ही मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।



---

### दो दिन में कविनगर ज़ोन में 23 गड्ढे भर टूटने से बचाई सड़के

## बारिश से पहले ननि का दस्ता कर रहा सड़कों को गड्ढा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम ने शहर की सड़कों को को गड्ढा मुक्त करने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। शुरुआत की जिसने कविनगर ज़ोन के गोविंदपुरम की आंतरिक सड़को के गड्ढे भरने का कार्य के साथ की।ऐसे ही अन्य ज़ोन में भी यह गाड़ी कार्य शुरू करेगी।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि बरसात के बाद एक मुश्त गड्ढो पर सड़क के कार्य की लागत को भी बचाया जा सकता है। सड़को पर किसी भी कारण से गड्ढे हो जाते हैं जो बरसात खत्म होने तक पूरी सड़क को तोड़ देते है और इनपर फिर से सड़क निर्माण होता है जिससे नगर निगम को वित्तीय हानि भी होती है। जिसको लेकर एक दस्ता बनवाया और वय शहर में कार्य कर रहा है जिसके परिणाम सफल भी हो रहे है सड़क पर छोटा गड्ढा होते ही उसको मुक्त किया जाए तो बड़े गड्ढे नही होंगे और निगम को हो रही हानि से भी निजात मिलेगी। महापौर ने बताया कि शहर के सभी वार्डो में सभी मा. पार्षदगण वार्डो के गड्ढे का चयन कर ले और अपने अवर अभियंता से संपर्क कर ले,अवर अभियंता वार्ड वाइज गड्ढा भरने का चयन कर गड्ढा भरेंगे और शहरवासी भी देखे कही गड्ढा है तो संपर्क करें तो उनके गड्ढे भी भरे जाएंगे। सभी जोन के अवर अभियंता रोजाना रोस्टर बनकर काउंट करेंगे गड्ढे व बिटुमिनस पैच जिसका रेकॉर्ड रहेगा और वार्ड, ज़ोन, व स्थल का नाम भी लिखा होगा जिससे छह पता रहे कि किस स्थान पर कार्य किया गया है।



---

**वारदात में प्रयोग हाईवा तथा गाड़ी बरामद**

## माइनिंग टीम पर हमला करके रेता चोरी करने वाले 3 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने हत्या का प्रयास और माइनिंग के मुकदमे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित, साहिल तथा टिंकू का नाम शामिल है। आरोपी अमित नोएडा के पास मढैया का रहने वाला है जो अब फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में रहता था वहीं आरोपी साहिल तथा टिंकू फरीदाबाद के मंझावली गांव के निवासी हैं। 27 मार्च को खेड़ीपुल थाने में हत्या का प्रयास, चोरी तथा माइनिंग एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने रेता चोरी के दौरान माइनिंग टीम पर हमला किया और फरार हो गए।



थाने में दर्ज मुकदमे के अनुसार माइनिंग टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि सुबह करीब 5 बजे आरोपी रेता चोरी करके आएंगे। टीम ने आयुषकामा अस्पताल के पास गाड़ी खड़ी करके आरोपियों को रुकने का इशारा किया लेकिन आरोपियों ने हाईवा नहीं रोका जिस पर चेकिंग टीम ने हाईवे के पीछे अपनी गाड़ी लगा दी।

---

**कड़ी मशक्कत के बाद पाया जा सका आग पर काबू**

## गत्ता फ़ैक्टरी व डेंटल क्लिनिक में भीषण आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

साहिबाबाद में औद्योगिक क्षेत्र साइड 04 मेंगुरूवार को गत्ता बनाने की फैक्टरी में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने हथौड़े से शटर तोड़ा और टीनशेड काटकर कड़ी मशक्कत से किसी तरह से आग को काबू किया।इसके अलावा एक डेंटल क्लिनिक में भी भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया।

तेज लपटों से आसपास की फैक्टरियों में आग फैलने का खतरा भी बढ़ गया था। सूचना के बाद वैशाली स्टेशन से अग्निशमन की सात गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि द्योगिक क्षेत्र के प्लॉट नंबर 41/17 में जैनसन्स कोरोपैक एलएलपी के नाम से अंकुर जैन की गत्ता बनाने की फैक्टरी है। जिसमें अचानक भीषण आग लग गयी। सूचना मिलने परतत्काल वैशाली फायर स्टेशन से अग्निशमन की चार गाड़ियां लेकर अग्निशमन अधिकारी टीम के साथ रवाना हो गए। वहां दमकलकर्मियों को काला धुआं निकलने से सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिस पर टीम ने हथौड़े से शटर को तोड़ना शुरू कर दिया। जबकि ऊपर टीन शेड को मशीन से काटकर रास्ता तैयार किया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने चारों तरफ अन्य फैक्टरियों में आग फैलने से रोकते हुए उसे काबू करना शुरू कर दिया। आग बढ़ने की संभावना पर साहिबाबाद स्टेशन से दो गाड़ियां व एक गाड़ी कोतवाली घंटाघर से टीम के साथ मौके पर बुलाई गई। फैक्टरी में चारों तरफ अधिक धुआं होने से दमकल कर्मियों को दिक्कत हो रही थी, लेकिन कर्मियों ने आग पर काबू कर लिया। फैक्टरी में भीषण आग से लाखों का सामान जल गया, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है। इसके अलावा फ़ायर स्टेशन वैशाली में कोसमौस डेंटल क्लिनिक इन्द्रापुरम में आग की सूचना मिली, सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित 2 फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए, घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग भवन के भूतल तल पर लगी थी।

**वैशाली स्टेशन से अग्निशमन की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची**



# छठवें चरण के प्रत्याशियों में सपा उम्मीदवार सबसे ज्यादा दागी

एजेंसी लखनऊ

यूपी में छठवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव मैदान में उतरे 162 प्रत्याशियों के शपथ पत्रों के विश्लेषण के आधार पर यूपी इलेक्शन वाच और एडीआर ने अपनी रिपोर्ट गुरुवार को जारी की। जिसके मुताबिक इस चरण के प्रत्याशियों में सबसे अधिक करीब 97 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन सुल्तानपुर से भाजपा की प्रत्याशी मेनका गांधी हैं। वहीं आपराधिक मामलों में जौनपुर से चुनाव लड़ रहे सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा हैं, इनके ऊपर 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुख्य संयोजक यूपी इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के संजय सिंह तथा यूपी इलेक्शन वाच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने छठवें चरण के प्रत्याशियों का ब्यौरा जारी किया है।

यूपी में छठवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव मैदान में उतरे 162 प्रत्याशियों के शपथ पत्रों के विश्लेषण के आधार पर यूपी इलेक्शन वाच और एडीआर ने अपनी रिपोर्ट गुरुवार को जारी की।

**मेनका सबसे अमीर, एडीआर रिपोर्ट में खुलासा**



### छठें चरण में 36% उम्मीदवार करोड़पति

इस चरण में 162 में से 59 यानी 36% उम्मीदवार करोड़पति हैं। भाजपा के 14 में से 14 (100%), सपा के 12 में से 11 (92 %) तथा बसपा के 14 में से 9 (64%), उम्मीदवार करोड़पति हैं। इस चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 4 .66 करोड़ रुपये है। मुख्य दलों में भाजपा के 14 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति करीब 28 करोड़ रुपये है। बसपा के 14 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 4 करोड़ तथा सपा के 12 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति करीब 13 करोड़ रुपए है।

### 97 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं मेनका संजय गांधी

इस रिपोर्ट के मुताबिक सुल्तानपुर से भाजपा की प्रत्याशी मेनका संजय गांधी की संपत्ति करीब 97 करोड़ रुपये की है। वहीं फूलपुर से बसपा प्रत्याशी प्रवीन पटेल की संपत्ति 64 करोड़ तथा प्रतापगढ़ से सपा के प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल की संपत्ति करीब 46 करोड़ रुपये के करीब है।

### महज 1686 रुपए लेकर चुनाव मैदान में राम कुमार

*इसके उलट प्रतापगढ़ से एसयूसीआई (सी) के प्रत्याशी राम कुमार यादव ने अपनी कुल संपति एक हजार छह सौ छियासी रुपए, मछलीशहर से निर्दलीय प्रत्याशी सुबास ने अपनी संपत्ति 10 हजार रुपए तथा मछलीशहर से समाज परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी उर्मिला ने अपनी कुल संपत्ति 34 हजार रुपए बताई है।*

## खबर संक्षेप

### रामलाल के दर्शन करने आ रहे पूर्व राष्ट्रपति



**अयोध्या।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद परिवार सहित श्रीरामलला के दर्शन के लिए आज अयोध्या आएंगे। वे वंदे भारत ट्रेन से 2:30 पर पहुंचेंगे। उसके बाद सड़क मार्ग से अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन जाएंगे। दिगंबर जैन मंदिर रायगंज, राम लला हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन करेंगे। शाम को सरयू आरती में शामिल होंगे। वे दिगंबर जैन मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन अपराह्न 3:20 पर वंदे भारत ट्रेन से कानपुर के लिए रवाना होंगे। इससे पहले रामनाथ कोविद अगस्त 2021 में अयोध्या आए थे।

### मदरसे में अचानक बम धमाका, दो घायल



**सारण।** छपरा के गड़खा थाना क्षेत्र के मोतिराजपुर गांव स्थित एक मदरसा में अचानक ब्लास्ट हो गया। इसमें मदरसा के मौलाना और उनका छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की गूंज आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां से दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर किया गया है। दोनों की मदरसा में ही रहते थे। इनकी पहचान मढ़ौरा थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर गांव निवासी मौलाना इमामुद्दीन और 15 वर्षीय नूर आलम के रूप में हुई।

### झारखंड-ओडिशा सीमा पर धंसा करोड़ों से बना पुल



**मनोहरपुर।** मनोहरपुर प्रखंड के झारखंड ओडिशा सीमा स्थित धानापाली में बना करोड़ों का पुल तीसरी बार धंस गया। पुल को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है। पुल धंसने के बावजूद ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आना-जाना कर रहे हैं। बताते चले कि यह पुल वर्ष 2008 में बनाया गया था, पहली बार 2012 में पुल एक स्लैब धंस गया था, जिसे मरम्मत कराया गया था। दोबारा यह पुल वर्ष 2022 में धंस गया। उसके बाद से लगातार पुल के पुनर्निर्माण, को लेकर ग्रामीण मांग व आंदोलन कर ही रहे थे कि 13 की सुबह पुल का क्षतिग्रस्त हिस्सा 1 फीट तक नीचे दब गया।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने बांदा और फतेहपुर चुनाव सभाओं में कहा-

# बुंदेलखंड देश का नेतृत्व करेगा, डिफेंस कॉरिडोर से युवाओं को मिलेगा रोजगार

तिंदवारी विधानसभा के पैलानी कस्बे में आयोजित जनसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झांसी, महोबा, चित्रकूट को जोड़ते हुए नोएडा से अच्छी औद्योगिक सिटी बसाने जा रहे हैं। जिससे यहां के नौजवानों को रोजगार मिलेगा। नौजवानों का नौकरी के लिए पलायन रूकेगा। अगले पांच साल दुनिया बुंदेलखंड में नौकरी मांगने आएगी।

एजेंसी बांदा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हमीपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के पक्ष में जनसभा की।

तिंदवारी विधानसभा के पैलानी कस्बे के खेल मैदान के विशाल प्रांगण में आयोजित जनसभा में कहा कि तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र देश के इतिहास को लिखनेवाला क्षेत्र है। प्रदेश को सीएम और देश को प्रधानमंत्री भी दिया है। आपका नाम इतिहास से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि डिफेंस कारिडोर झांसी से चित्रकूट तक ऐसा बनाएंगे कि नौजवान सीमा की रक्षा करते हुए तोप दुश्मन पर दागेगा, उसमें लिखा होगा मेड इन झांसी और चित्रकूट। यहां का उत्पाद देश की सुरक्षा और दुश्मनों के छक्के छुड़ाएगा।

झांसी, महोबा, चित्रकूट को जोड़ते हुए नोएडा से अच्छी औद्योगिक सिटी बसाने जा रहे हैं। जिससे यहां के नौजवानों को रोजगार मिलेगा। नौजवानों का नौकरी के लिए पलायन रूकेगा। अगले पांच साल के अंदर दुनिया बुंदेलखंड में नौकरी मांगने आएगी।

### खास बातें

- आपका एक वोट बुंदेलखंड की तस्वीर बदल सकता है
- झांसी, महोबा, चित्रकूट को जोड़कर नई औद्योगिक सिटी बसाएंगे
- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ हर सड़क को टू और फोर लेन के साथ जोड़ेंगे



### पहले खनन, भू व जंगल माफिया थे हावी

*योगी ने कहा कि अब यहां माफिया नहीं आता है। हमने रामलला को विराजमान किया। अब माफिया का रामनाम सत्य हो रहा है। कुछ माफिया मिट्टी में मिल गए। कुछ के गले में तख्ती में लटक गई। कहते हैं जेल भेज दो। उन्हें जहन्नुम भेजते हैं। जेल में जगह नहीं है। जिन्होंने बुंदेलखंड को जल के लिए तरसाया, विकास के लिए तरसाया, बहन-बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम, नौजवानों की नौकरी पर डकैती डाली, यहां के संसाधनों को लूटा। उन्हें वोट के लिए तरसा दो। जमानत जब्त करा दो।*

### हर घर में नल से जल पहुंचेगा

योगी ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसना पड़ा। यहां के लोगों को पलायन करना पड़ा। अब बुंदेलखंड में पानी के लिए बेटी-बहन को पांच-पांच मील नहीं जाना पड़ेगा। हर घर में नल से जल पहुंचेगा। जल आरओ का होगा। कनेक्टिंग यूपी के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ हर सड़क को टू और फोर लेन के साथ जोड़ने का कार्य कर रहा है।

### मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा

*सीएम योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है। विकसित भारत की संकल्पना साकार हो रही है। कांग्रेस के कार्यकाल में सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं। आतंकवाद, नक्सलवाद तथा भ्रष्टाचार फैला हुआ था। बहू बेटियां सुरक्षित नहीं थीं।*

### जो राम को लाए, उन्हें लाएं

*सीएम योगी ने कहा कि जो राम को लाए हैं आप उन्हें लाएं। अगली सरकार बनी तो मथुरा का भी रास्ता साफ हो जाएगा। आपका एक वोट पापाचारियों, दुराचारियों, भ्रष्टाचारियों, रामद्रोहियों के लिए नहीं है। आपका एक वोट बुंदेलखंड की तस्वीर बदल देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि शौर्य और बलिदान की भूमि बुंदेलखण्ड की जनता-जनार्दन सुशासन, सुरक्षा और विकास के साथ है।*

### जेल में जाने से केजरीवाल को बुद्धि भ्रम

फतेहपुर में योगी ने कहा कि जेल में जाने से अरविंद केजरीवाल की बुद्धि भ्रम में पड़ गई है। जेल में जाकर यह लगता है कि अब जेल के बाहर कभी नहीं आना है। सीएम पद का लालच हो गया है। केजरीवाल ने अन्ना हजारे के मंसूबों पर पानी फेरा। अन्ना हजारे ने जिसके खिलाफ आंदोलन किया था। आज उसी कांग्रेस को गले का हार बनाकर पाप कर रहे हैं। अन्ना हजारे की आत्मा आज दुखी हो रही है। दिल्लीवाली परेशान हैं कि जेल में जाने से केजरीवाल की खांसी बंद थी। अब फिर बाहर आ गए। अब फिर खांसने के लिए मजबूर कर देंगे। सपा, कांग्रेस, आम आदमी और आरजेडी एक ही थैले के चट्टेबट्टे हैं। सत्ता में आते ही आम आदमी, व्यापारी, नौजवानों और बेटी-व्यापारी पर खतरा पैदा करते हैं।

### डिफेंस कॉरिडोर पर बोले अखिलेश

# कहते थे मिसाइल व बम बनाएंगे, सुतली बम न बनाया

*4 चरणों में पड़े वोट से भाजपा चारों खाने चित,वादा किया था कि किसानों की आय दो गुनी नहीं हुई*

एजेंसी बांदा



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने बांदा के अतर्रा कस्बे में सपा प्रत्याशी कृष्णा पटेल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा वाले कहते थे कि डिफेंस कॉरिडोर बनाकर यह पर मिसाइल और बम बनाएंगे लेकिन इन्होंने सुतली बम भी नही बनाया।

यह जो डबल इंजन की सरकार अपने को कहते हैं इसमें जिसके लिए वोट मांगना है वह इंजन पहले से ही गायब है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की जनता ने जितना धोखा पाया है, इस बार जनता भाजपा के अहंकार को खंड-खंड करने का काम करेगी। जिस तरह से समुद्र मंथन हुआ था उसी तरीके से इस बार संविधान मंथन होने जा रहा है, एक तरफ वह लोग हैं जो संविधान को बचाना चाहते हैं दूसरी तरफ वह तकते हैं जो संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हर-घर जल योजना में जितना पैसा आया है अगर वह ईमानदारी से लग गया होता हर घर तक पानी पहुंच गया होता।

### आटा के साथ डाटा फ्री

*अखिलेश ने कहा इंडिया गठबंधन जब सरकार बनाएगी राशन की गुणवत्ता बेहतर करके आपको आटा के साथ-साथ डाटा भी फ्री में देने का कार्य करेंगे। आटा जितना स्वास्थ्य के लिए जरूरी है उतना ही डाटा भी भविष्य के लिए बहुत जरूरी। उन्होंने कहा कि चार चरणों में पड़े वोट से भाजपा चारों खाने चित हो गई है। भाजपा ने वादा किया था कि किसानों की आय दो गुनी हो जाएगी, लेकिन फसल भी दोगुनी नहीं हुई है। इस सरकार में दवाईयां, खाद सब महंगी हुई न केवल महंगी हुई बल्कि उन्होंने खाद की बोरी से भी चोरी कर ली अब हर खाद की बोरी से 10 किलो की चोरी हो रही है।*

### 10 से ज्यादा परीक्षाएं रद्द हुई

अखिलेश यादव ने कहा कि 10 से ज्यादा परीक्षाएं इस सरकार में रद्द हो गई हैं। पेपर इसलिए लीक करवाया कि नौजवानों को नौकरी न देनी पड़े और पीडीए परिवार के लोगों को आरक्षण देना पड़ेगा। पेपर रद्द होने की वजह से यूपी के 7 लाख नवजवानों का भविष्य अंधकार में पड़ गया है। भाजपा ने फौजी की नौकरी 4 साल की कर दी है अगर उनकी सरकार आई तो खाकी वर्दी पहनने वाले भाइयों की नौकरी 3 साल की कर देंगे।

## पेज एक का शेष

### इधर इंडी गठबंधन...

एक तरफ काशी एक तरफ प्रयागराज। प्रतापगढ़ के नाम में ही प्रताप ही प्रताप है, यह वीरों की धरती है। मोदी ने यूपी के आजमगढ़ में रैली में कहा कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस दो पार्टियां हैं लेकिन उनकी एक दुकान है जहां वे तुष्टिकरण, झूठ, परिवारवाद, भ्रष्टाचार बेचते हैं।

### धर्म पर आधारित

बाएं घुमाकर इसे देना प्रारंभ किया है। भाजपा ने हमेशा न्याय की राजनीति की है, तुष्टिकरण की नहीं। भाजपा के लिए सब एक हैं। गलत चीज का विरोध करना, धर्म विशेष का विरोध करना नहीं है। वे हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के 'चुनावी संवाद'कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

### उनसे सीधी बात

*हमारे सीने को गर्व से भर देती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। पीएम मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी को हम छेड़ेंगे नहीं लेकिन किसी ने हमको छेड़ा तो हम छोड़ेंगे नहीं। सर्जिकल स्ट्राइक की, एयर स्ट्राइक की, आतंकवाद का खात्मा किया। दुनिया देख रही है कि आतंकवाद, नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है। जनता के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। गरीब कल्याण के काम हुए हैं। 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, पीएम मोदी के रहते कोविड को दो वैक्सीन बनी और 200 करोड़ से ज्यादा लोगों का टीकाकरण हुआ। चारों ओर पोर्ट, एयरपोर्ट, हाईवे बने हैं। संपूर्ण देश आत्मविश्वास के साथ खड़ा है, मोदी है तो मुमकिन है।*

*प्रश्नः जम्मू-कश्मीर में भाजपा चुनाव क्यों नहीं लड़ रही?*

*उत्तरः भाजपा देश और देश की जनता के लिए काम करती है। कश्मीर में प्रगति और विकास हो रहा है। भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए है, ऐसा नहीं है। हम संगठन को मजबूत करेंगे फिर चुनाव लड़ेंगे। तात्कालिक रूप से फैसले पार्टी लेती है।*

*प्रश्नः आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल का आरोप है कि देश 'वन नेशन, वन लीडर' की ओर जा रहा है?*

*उत्तरः लीडर तो एक ही होता है। पीएम नरेंद्र मोदी हमारे लीडर हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और देश की जनता भी श्रद्धा और भक्ति के भाव से देखती है। पीएम मोदी की लोकप्रियता का अरविंद केजरीवाल जमीन पर मुकाबला नहीं कर पाते हैं। इसलिए, बेबुनियाद मुद्दे उठाते हैं। केजरीवाल जेल में जाकर कुंठित हो गए हैं। पराजय से बौखला गए हैं। ईमानदारी का चोला पहनकर राजनीति में आए थे लेकिन आप पाटी सबसे करप्ट पार्टी बन गई। अन्ना हजारे के आंदोलन से उत्पन्न पार्टी ऐसी भ्रष्ट निकलेगी किसी ने ऐसी कल्पना नहीं की थी। अब लोग उनके शराब घोटाले को याद करते हैं।*

*प्रश्नः इंडिया गठबंधन को किस चुनौती की तरह देखते हैं?*

*उत्तरः कोई चुनौती नहीं। पीएम मोदी के प्रति जनता में भरोसा है। उनके नेतृत्व में जो काम हुए हैं, उसके कारण पूरा देश मोदी जी के पीछे खड़ा हुआ है। इंडी गठबंधन में वे तमाम नेता हैं जो जनता से ठुकराए हैं, जिनकी अपने क्षेत्र में पकड़ खत्म हो रही है। इंडी गठबंधन की न एक नीति, न एक नीयत, न एक नेता, न दिशा, न दृष्टि। इनका गठबंधन हास्यास्पद है। यह स्वार्थों पर आधारित उन आकंठ भ्रष्टाचारी लोगों का गठबंधन है जो मोदी के न खाऊंगा न खाने दूंगा की नीति से घबराए हुए हैं। अपने बचाव के लिए आपस में इकट्ठे हुए हैं।*

*प्रश्नः कांग्रेस अपनी गारंटियों को लेकर चुनाव मैदान में हैं, कितना असर होगा?*

*उत्तरः सब कुछ हास्यास्पद है। मध्य प्रदेश के 2018 के चुनाव में कांग्रेस कहती थी, 4 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दे देंगे, 10 की गिनती तक किसानों का कर्जा माफ कर देंगे। सत्ता में आई तो कांग्रेस ने 950 वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं किया। कहने में क्या जाता है। जुबान तो हिलानी है। पहले कहा, नहीं दिया। उन्हें (कांग्रेस) पता है कि उनका अस्तित्व खतरे में हैं, कांग्रेस अब रीजनल पार्टी बन गई है। न जीतना है, न देना है।*

*प्रश्नः पीएम मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र पर देशभर में इतनी चर्चा क्यों करते हैं?*

*उत्तरः राजनीति में विरोधी की बातों का जवाब देना होता है। हमें ये तो बताना ही होगा कि ये झूठे वादे करते हैं। सामने वाले दल की असलियत जनता के सामने लाना यह हमारा कर्तव्य है इसलिए बताते हैं।*

*प्रश्नः भाजपा विकास के मुद्दों के बजाए हिंदू-मुसलमान पर इतनी चर्चा क्यों कर रही है?*

*उत्तरः भाजपा ने कभी भी हिंदू-मुसलमान पर चर्चा नहीं की। भाजपा किसी धर्म के खिलाफ नहीं है पीएम मोदी ने भी स्पष्ट रूप से ये कहा है। भारत में धर्म पर आधारित आरक्षण का संविधान में कोई भी प्रावधान नहीं है। लेकिन, विपक्षी दलों ने दाएं-बाएं घुमाकर इसे देना प्रारंभ किया है। भाजपा ने हमेशा न्याय की राजनीति की है, तुष्टिकरण की नहीं। भाजपा के लिए सब एक हैं। गलत चीज का विरोध करना, धर्म विशेष का विरोध करना नहीं है।*

*प्रश्नः विपक्ष का आरोप है कि भाजपा संविधान बदल देगी। इसमें कितनी सच्चाई है?*

*उत्तरः कांग्रेस के माथे पर संविधान बदलने और इमरजेंसी लगाने का पाप है। शहबानो प्रकरण में कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदल दिया। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाई हैं। पीएम मोदी ने गुजरात के सीएम रहते हुए अपने सिर पर संविधान की प्रति रखते हुए संविधान दिवस के कार्यक्रम किए थे। पीएम मोदी ने संविधान दिवस मनाना प्रारंभ किया। संविधान का जितना आदर भाजपा करती है, कांग्रेस ने कभी नहीं किया। भाजपा के हाथों में ही देश का संविधान सुरक्षित है।*

*प्रश्नः जब 272 सीटों से सरकार बन सकती है तो 400 सीटें क्यों चाहिए?*

*उत्तरः भारत दुनिया का नेतृत्व करने की स्थिति में आ रहा है। कई मुद्दों पर हम नेतृत्व कर भी रहे हैं। इसलिए, इतना व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इसलिए अबकी बार, 400 पार का लक्ष्य है। 400 पार इसलिए की भारत को विश्व गुरु बनाना है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। आतंकवाद, नक्सलवाद का पूरी तरह से खात्मा करना है। जनता के जीवन स्तर को और बेहतर बनाना है। हम नहीं कह रहे जमाना कह रहा है, अबकी बार 400 पार।*

*प्रश्नः कांग्रेस कह रही है देश अब राहुल गांधी के साथ है? इस बात में कितनी बड़ी चुनौती दिख रही है?*

*उत्तरः राहुल गांधी अपनी पहली यात्रा में विधानसभा के चुनाव से पहले जब मध्य प्रदेश में जहां-जहां से गुजरे, वहां की सारी सीटें कांग्रेस हार गई। भाजपा ने सारी सीटें जीत लीं। अगर उनका असर होता तो कांग्रेस जीत दर्ज करती। राहुल गांधी को देश की समझ नहीं है। देश की माटी की पहचान नहीं है। वो देश की जड़ों से जुड़े नहीं हैं। कभी उनके गुरु सैम पित्रोदा विरासत टैक्स की बात करते हैं, कभी वो रंगभेद की बात कर देश को बांटने की बात करते हैं। कभी जाति गणना के नाम पर देश की जातियों को बांटने का काम करते हैं। राहुल की सोच, विचार अभारतीय हैं। जितनी बातें आज कांग्रेस कर रही है उसका भारतीय माटी और जड़ों से क्या लेना? भारत वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है। कांग्रेस समाप्ति की ओर है, कभी चुनौती नहीं बन सकती। देश कांग्रेस को स्वीकार नहीं कर रहा। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में देश आनंदित था लेकिन कांग्रेस ने उसका विरोध किया। अब ऐसी कांग्रेस का सफाया होना ही तय है।*

*प्रश्नः जाति गणना को देश के लिए क्या विभाजनकारी मानते हैं?*

*उत्तरः समाज के हर वर्ग को न्याय देना भाजपा की नीति है। भाजपा ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है। आर्थिक आधार पर भी आरक्षण दिया है। भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किए हैं। सागर में संत रविदास का 100 करोड़ की लागत से भव्य मंदिर बनना, बाबा साहेब आंबेडकर के पंच तीर्थ का निर्माण, जनजातीय गौरव दिवस मनाना इस तरह के अनेकों कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में हुए हैं। हर वर्ग को न्याय देना भाजपा का धर्म है।*

*प्रश्नः मध्यप्रदेश में इस बार भाजपा का प्रदर्शन कैसा रहेगा?*

*उत्तरः मध्यप्रदेश में इस बार भाजपा 29 में से 29 सीटों पर जीत रही है। एकजुट होकर भाजपा ने चुनाव लड़ा है। हमारे सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूरी टीम तथा एक कार्यकर्ता होने के नाते मैं भी पूरे मध्यप्रदेश में प्रचार के लिए गया हूं। हम सभी सीटें एक तरफा जीतेंगे और भारी अंतर से जीतेंगे।*

*प्रश्नः बड़ी संख्या में कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करने के पीछे क्या कारण हैं?*

*उत्तरः इस समय भाजपा देश के निर्माण का आंदोलन है। जनता के कल्याण का आंदोलन है। जो हमारे विचार से प्रभावित होकर देश की सेवा के लिए, जनता की सेवा के लिए आना चाहता है, उसका स्वागत है। लोगों को लगता है कि कांग्रेस में रहकर न देश की सेवा हो सकती है न जनता की सेवा हो सकती है। जिस तरह से कांग्रेस के वक्तव्य आ रहे हैं उसको देखकर कांग्रेसी भी निराश हैं।*

*प्रश्नः 2004 और 2024 के चुनाव में आपने क्या बदलाव महसूस किया?*

*उत्तरः 2003-04 तक मध्य प्रदेश बदहाल था। अब विकसित मध्यप्रदेश खड़ा है। सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। माता-बहनों, बेटियों, नौजवानों, किसानों, गरीबों के कल्याण के कई काम हुए हैं। जनता स्नेह और प्रेम से भरी हुई है। मुझे पहले भी प्यार मिला था, अब भी प्यार मिल रहा है। मैंने सभी चुनाव प्यार की लहर से लड़े हैं। जहां गया जनता ने आशीर्वाद की वर्षा की। जनता के स्नेह, प्रेम और आत्मीयता की अलग ही दुनिया है।*

### स्वाती मालीवाल मामले...

बताया कि सीएम आवास में उनके साथ क्या हुआ। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी और एडिशनल डीसीपी नॉर्थ स्वाति के घर दोपहर 2 बजे पहुंचे थे। करीब 4 घंटे रहने के बाद शाम 6 बजकर 30 मिनट पर बाहर आए। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने बिभव कुमार को नोटिस भेजकर शुक्रवार को तलब किया है।

# अतीक की फरार पत्नी शाइस्ता पर शिकंजा, आरोप पत्र तय

**ईडी ने वसूली रैकेट की सरगना बताया**

एजेंसी लखनऊ

माफिया अतीक अहमद की फरार पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कस दिया है। ईडी मुख्यालय की तरफ से शाइस्ता परवीन के खिलाफ विशेष न्यायालय (पीएमएलए) लखनऊ के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की गई।

कोर्ट ने इसका संज्ञान भी ले लिया है। शाइस्ता पर जबरन वसूली रैकेट संचालित करने का आरोप लगाया गया है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही शाइस्ता फरार चल रही हैं। ईडी ने विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर यह जांच शुरू की थी। इसमें अतीक अहमद और अन्य के खिलाफ जबरन वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी और संपत्ति के अवैध अधिग्रहण के मामले शामिल थे।

### श्रेष्ठ शिक्षा देकर छात्रों को बेहतर रोजगार उपलब्ध करा रहा

# नैक से ए प्लस ग्रेड प्राप्त जीएलए विवि के 86% छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के जरिए मिल रही नौकरी

**छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को विकसित करता है**





एजेंसी मथुरा

नैक से 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए एकेडमिक श्रेष्ठता के नए मापदण्ड स्थापित करना है।

जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्रों व स्कालर्स को सर्वश्रेष्ठ दिशा-निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ़ प्रतिज्ञ है। जीएलए विश्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ-साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है।

### नवीन शिक्षण पद्धति के साथ पढ़ाई

कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल कहते हैं कि जीएलए विश्वविद्यालय ने अपने सभी विषयों व पाठ्यक्रमों में शिक्षण-प्रशिक्षण की नवीन विधियों-तरीकों को निष्पक्ष रूप से अपनाया है ताकि हर छात्र अपनी रूचि के अनुरूप अपने विषय/ शाखा में पारंगत हो सके। विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षकों को जीएलए विश्वविद्यालय की फैकल्टी में शामिल किया गया है। शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं। ताकि जीएलए के छात्र-छात्राएं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें।

यूटिलाइजेशन
शीला श्रीवास्तव

बच्चों, समर वेकेशंस में तुम अपनी हॉबी के अनुसार म्यूजिक, ड्राइंग जैसे क्लासेज ज्वाइन कर अपने स्किल को तो बढ़ा सकते ही हो, साथ ही अपनी फैमिली के साथ कुछ समय बिताकर अपनी वेकेशंस को और अच्छे से यूज कर इसे स्पेशल-मेमोरेबल भी बना सकते हो।

# समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल-मेमोरेबल

बच्चों, पूरा साल तुम्हारा समय पढ़ाई और स्कूल की दूसरी एक्टिविटीज में निकल जाता है। तुम्हारे पास ज्यादा समय नहीं रहता, इसलिए तुमको घर के मेंबर्स के साथ जिस तरह समय बिताना चाहिए, नहीं बिता पाते। लेकिन समर वेकेशंस एक ऐसा मौका है, जब तुम ना सिर्फ अपने हॉबी क्लासेज ज्वाइन कर सकते हो, अपनी फैमिली से भी जुड़कर अपनी समर वेकेशंस को बहुत ही यूजफूल बना सकते हो। कैसे, जानो।

## सुबह की हो सुहानी शुरुआत

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों में सुबह जल्दी जरूर उठो। बाहर खुली जगह जाकर टहलो, एक्सरसाइज करो। इसके बाद अपने मम्मी-पापा के लिए ब्रेकफास्ट बनाओ। शुरुआत में तुम नाश्ते के लिए कोई आसान चीज बनाओ, जैसे सैंडविच, मिल्क शेक, शरबत या फ्रूट सलाद आदि। बाद में तुम यू-ट्यूब या अपने बड़ों की मदद से तरह-तरह की डिशेज बना सकते हो। जब मम्मी-पापा तुम्हारे हाथ की बनी तरह-तरह की डिशेज खाएंगे तो उन्हें खुशी होगी। उनकी सुबह सुहानी हो जाएगी।

## घर और बाहर के कामों में मदद

घर के छोटे-छोटे कामों में मम्मी-पापा की मदद करो। जैसे- बर्तन सही जगह रखना, कपड़े तह करना, डस्टिंग करना आदि। यदि तुम साइकिल ठीक से चला लेते हो और बाहर आने-जाने में हैवी



ट्रैफिक का खतरा नहीं है, तो घर के जरूरी सामान मार्केट से ले आओ। इससे तुम्हें खरीदारी के तौर-तरीके और बाजार की कीमतों का पता चलेगा। पैसे के जोड़-भाग से तुम्हारा गणित ज्ञान भी बढ़ेगा।



## घर के बुजुर्गों का रखो ख्याल

अगर तुम अपने दादा-दादी के साथ रहते हो, तो इस समर वेकेशंस में उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताओ। उनकी देखभाल करो, उनके छोटे-मोटे कामों में मदद करो। जैसे- समय पर उन्हें दवाई दो, उन्हें अखबार या उनकी पसंद की किताब पढ़कर सुनाओ, उनके साथ सुबह या शाम को पार्क में टहलने जाओ। बुजुर्गों को बच्चों का साथ बहुत अच्छा लगता है। छुट्टियों में तुम उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताओ। तुम्हारा प्यारा-सा साथ पाकर वे बहुत खुश होंगे। तुम्हें भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अगर घर में कोई पक्षी या अन्य पालतू जानवर हैं, तो तुम खुद ही उसकी केयर करो। इससे मम्मी-पापा को तो मदद मिलेगी ही, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।

## सीखो मेहमाननवाजी

बच्चों, तुम्हारे घर में मेहमान जरूर आते होंगे। घर में जब मेहमान आएं तो उनकी खातिरदारी में मम्मी-पापा की मदद करो। इससे तुम्हें लोगों को रिसीव करने, उनसे बातचीत करने का सलीका आएगा, साथ ही तुम मेहमानों के लिए खान-पान की व्यवस्था कैसे करनी है, उसमें वैराइटीज कैसे लानी है, सर्व कैसे करना है, ये सब बातें सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह तुम अच्छे मेहमाननवाज बनोगे।

## हरा-भरा बनाओ अपना घर और कॉलोनी

यदि तुम्हारे घर के लॉन में पेड़-पौधे हैं, तो इन गर्मियों की छुट्टियों में उनकी देखभाल का जिम्मा तुम लो। सुबह-शाम



पेड़ों की सिंचाई, गुड़ाई, क्यारियों और गमलों की सफाई तुम्हें कब और कैसे करना है, इसकी जानकारी तुम अपने मम्मी-पापा से लो। अपने हाथों से पौधे लगाओ। पौधों में फूल आने से पहले इनकी देखभाल कैसे होती है, यह जानो। तुम चाहो तो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी कॉलोनी में पेड़ लगाने का अभियान शुरू कर सकते हो।

## भाई-बहनों के साथ बिताओ समय

बच्चों, साल भर तुम ही नहीं, तुम्हारे बड़े या छोटे भाई-बहन भी अपनी पढ़ाई में बिजी रहते हैं। उनके साथ समय बिताने का मौका भी तुम्हें कम ही मिल पाता है। छुट्टियों का यह समय तुम उनके साथ बिताओ। उनके साथ गेम्स खेलो। यदि तुम्हारे भाई-बहन छोटे हैं, तो घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी भी मदद लो। ऐसा करने से तुम भाई-बहनों के बीच अच्छा तालमेल बनेगा।

बच्चों, इस तरह तुम जब समर वेकेशंस अपने मम्मी-पापा, दादा-दादी और भाई-बहन के साथ



मिलकर काम करोगे, उनके साथ समय बिताओगे तो ये दिन मेमोरेबल तो रहेंगे ही, साथ में फैमिली के साथ तुम्हरी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी, जो परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। *

---

एंज्वॉयमेंट / अनुराग मनींद्र

# ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स के बारे में तो तुम्हें पता ही होगा! टंग-ट्विस्टर कोई मुश्किल वर्ड होता है या फिर कुछ वर्ड्स का कॉम्बिनेशन होता है, जिसे एक निश्चित समय सीमा में, बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना और बार-बार दोहराना होता है। बच्चों, जब कोई टंग-ट्विस्टर बोलते हुए अटकता है या उसकी जुबान लड़खड़ाती है और उसके मुंह से 'कुछ का कुछ' निकलता है, तो टंग-ट्विस्टर बोलने वाले और बुलवाने वाले दोनों को ही खूब मजा आता है।



बच्चों, आज हम तुम्हारे लिए हिंदी के कुछ मजेदार टंग-ट्विस्टर्स लेकर आए हैं। इनमें से कुछ तो तुम्हें पहले से पता होंगे और कुछ तुम्हारे लिए बिल्कुल नए होंगे। तुम्हें इन टंग-ट्विस्टर्स को 15 सेकेंड्स के भीतर बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना है और बार-बार दोहराना भी है। देखते हैं कि 15 सेकेंड्स में कितनी बार तुम ये टंग-ट्विस्टर्स बिना लड़खड़ाए या बिना अटके बोल पाते हो। तो चलो, एक-एक करके ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स-

- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची, ऊंची ऊंट की पूंछ।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला पीला।
- नीला अंगूर, काला लंगूर।
- उड़ी चिड़ी ऊंची उड़ी, सब्जी पूड़ी ठंडी पड़ी।
- नीली रेल, लाल रेल।
- रोड रोलर, लोड रोलर।
- खड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियां।
- राजा गोपी गोपाल गोपग्गम दास।
- चार नई नवेली दुल्हन, दुल्हन नई नवेली चार।
- लपक बबुली लपक, अब ना लपकबे त लपकबे कब।

क्यों बच्चों, इन्हें बोलते-बोलते तुम्हारी 'टंग' भी हो गई न 'ट्विस्ट'?

तुम ये टंग-ट्विस्टर्स अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी बोलने के लिए कहो और हंसो, हंसाओ, एंज्वॉय करो। *

### टंग-ट्विस्टर्स के फायदे

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स एक अच्छा 'आर्टिकुलेशन एक्सरसाइज' (उच्चारण अभ्यास) भी है। इसके लगातार प्रयोग से शब्दों का सही उच्चारण करने की क्षमता विकसित होती है। कई सारे कलाकार और स्टेज-आर्टिस्ट्स भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करते हैं, इससे उन्हें मंच पर स्पष्ट और धाराप्रवाह बोलने में आसानी होती है। कई बार स्पीच-थेरेपिस्ट भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करने की सलाह देते हैं। इससे साफ-साफ और स्पष्ट बोलने की आदत बनती है।

---

## जीके क्विज-104

1.हाल ही में भारत के किस राज्य में 'स्कूल ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई?
2.छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3.आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
4.अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
5.क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6.शुष्क बर्फ (ड्राई आइस) क्या होता है?
7.कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनाने (ब्लड-क्लॉटिंग) में सहायक होता है?
8.पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
9.श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवॉल्यूशन) का संबंध किससे है?
10.'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-104 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-103 का उत्तर :** 1.उसेन बोल्ट, 2.नेपाल, 3.दो बार, 4.हरा, 5.एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 6.सिक्किम, 7.जयप्रकाश नारायण, 8.न्यूटन, 9.सिद्धार्थ, 10.रवींद्रनाथ टैगोर

**जीके क्विज-103 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, सरबजीत-करनाल, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, सलोनी-रायपुर, शिवम-रोहतक, हर्ष-दिल्ली, राजन-भोपाल, दिव्यम-धमतरी, काव्या-राजनांदगांव

## हंसगुल्ले

**गप्पू :** कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
**पप्पू :** अरे! फिर क्या हुआ?
**गप्पू :** फिर मेरी पिटाई हुई।
**पप्पू :** किसने पीटा?
**गप्पू :** सूरज की मम्मी ने।
-आर्यन, रायपुर



**टीचर :** 'तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।' इसका भविष्य काल बताओ?
**पिंकी :** अब लाइट जाएगी।
-माही, भोपाल

सोनू ने मोनू के घर का दरवाजा खटखटाया।
**मोनू :** कौन है?
**सोनू :** मैं हूं।
**मोनू :** मैं कौन?
**सोनू :** अरे, तू मोनू है...और कौन?
-चिराग, दिल्ली

---

कहानी
सरस्वती रमेश

सोनू और मोनू आपस में बहुत झगड़ते थे। उनके झगड़े से मम्मी बहुत परेशान रहती थीं। एक दिन घर में नानी आईं और रात सोनू-मोनू के कमरे में उनके साथ सोईं। अगली सुबह जब दोनों उठे तो जरा भी नहीं लड़े। आखिर नानी ने सोनू-मोनू पर ऐसा क्या जादू किया, जो उनके स्वभाव में इतना बड़ा बदलाव दिखा।

# खत्म हुई मम्मी की परेशानी

सोनू और मोनू जुड़वा भाई हैं। उनकी शक्ल बिल्कुल एक जैसी है, लेकिन स्वभाव और पसंद एकदम अलग। दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती है। हर बात पर झगड़ा करते हैं। कभी-कभी तो झगड़ा इतना बढ़ जाता कि मम्मी-पापा को झगड़ा सुलझाने आना पड़ता। मम्मी दोनों बच्चों के झगड़े से बहुत ज्यादा परेशान रहती हैं, लेकिन उन्हें इसे खत्म करने का कोई उपाय नहीं सूझता।

एक दिन सोनू-मोनू से मिलने उनकी नानी आईं। नानी दोनों को बहुत प्यार करती हैं। उनके लिए गांव से ताजे फल लाती हैं। इस बार भी नानी बेर, कैथ, इमली और कैरी लेकर आईं। सोनू-मोनू को ये फल बहुत पसंद हैं। शहर में तो ये चीजें मुश्किल से मिलती हैं। इसलिए जब नानी इन्हें लेकर आतीं तो दोनों बड़े चाव से खाते हैं। नानी को आए अभी थोड़ी देर ही हुई थी। वह सोफे पर बैठीं चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी दोनों भाइयों का झगड़ा शुरू हो गया। सोनू कह रह था,'बेर और इमली मैं खाऊंगा। कैरी और कैथ तुम ले लो।'

'नहीं कैथ तुम ले लो, मैं बेर लूंगा।' मोनू चिल्लाया। 'ये दोनों इसी तरह दिनभर लड़ते रहते हैं। मैं तो परेशान हो चुकी हूं।' मम्मी ने नानी को बताया। 'तुम परेशान मत हो, मैं इन्हें समझा दूंगी।' नानी बोलीं।

रात को खाने के बाद सब सोने चले गए। नानी का बिस्तर सोनू-मोनू के कमरे में ही लगा था। 'नानी हमें कहानी सुनाओ न।' सोनू बोला।'मुझे भी सुननी है।' मोनू खुशी से उछलकर बोला। 'ठीक है सुनो।' नानी ने कहानी सुनानी शुरू की, 'एक किसान था। उसके चार बेटे थे। किसान के पास खूब सारे खेत थे। किसान अब बूढ़ा और बीमार हो गया था। बिस्तर पर पड़े-पड़े वह सोचता रहता कि उसके खेतों की देखभाल कैसे होगी? उसके बच्चे तो हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं। खेती-बारी में उनकी



कोई रुचि नहीं है। उधर धीरे-धीरे पड़ोसियों को किसान के बेटों के बीच झगड़े की बात पता चल गई। उनकी नजर किसान के खेतों पर थी। वे किसान के खेत हड़पने लगे। उन्हें पता था, चारों भाइयों को तो आपस में लड़ने से फुर्सत नहीं है। खेत देखने कोई नहीं आएगा। किसी ने किसान के खेतों में जानवर बांधने शुरू कर दिए तो किसी ने बाड़ लगाकर फसल बोनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे पड़ोसियों ने किसान के सारे खेत हड़प लिए। न तो खेत बचे और न खाने को अनाज। जब घर में खाने को कुछ नहीं बचा तब एक दिन किसान के बेटे खेतों में पहुंचे। लेकिन वहां तो कोई और खेती करने में जुटा हुआ था। अब चारों भाइयों की आंखें खुलीं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी।' कहानी सुनाने के बाद नानी ने बच्चों से पूछा, 'कुछ समझ आई कहानी?'

'हां, समझ में आई। भाइयों को आपस में लड़ना नहीं चाहिए।' मोनू बोला। 'तब तुम दोनों क्यों लड़ते हो?' नानी ने पूछा। 'अब हम नहीं लड़ेंगे नानी।' सोनू ने कहा।

'मैं भी नहीं लड़ूंगा।' मोनू बोला।

'शाबाश! अब दोनों सो जाओ। रात बहुत हो गई है।' नानी हंसते हुए बोलीं। सुबह सोनू-मोनू का बदला हुआ बर्ताव देखकर मम्मी हैरान थीं। दोनों मिलकर बिना झगड़े बड़े प्यार से काम कर रहे थे। मम्मी सोच में पड़ गईं कि आखिर नानी ने बच्चों को ऐसा क्या समझा दिया है, जो उनकी परेशानी खत्म हो गई। *

---

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन



## दिन गर्मी के

सूरज जब भी आंख तरेरे
समझो हैं दिन गर्मी के।
हवा चलाए गरम थपेड़े
समझो हैं दिन गर्मी के।
ताल-तलैया प्यासे, आए
सूखे से दिन गर्मी के।
मास्टर जी की बेंत सरीखे
रूखे से दिन गर्मी के।


सारा पानी सोख लिए हैं
जमाखोर दिन गर्मी के।
चलते कितने धीरे-धीरे
कामचोर दिन गर्मी के।
रातें तिल सीं और ताड़
से बने हुए दिन गर्मी के।
गुस्से में ज्यों आंख तरेरे
तने हुए दिन गर्मी के।

बूझो तो जानें / पवीन कुमार

1. सफेद खेत में बोए देखो
काले-नीले मोती
लंबा पतला बैल है
विद्या की खेती होती

2. दिखता लंबे सांप जैसा
लोहे का है फन
कमर से जो लिपटा वो
बात गई फिर बन

3. दो भाई दोनों अलबेले
एक-दूजे के पक्के चेले
कभी नहीं वो रहें अकेले
पहन देखने जाओ मेले



4. एक तो घोड़े जैसी भागे
एक की मध्यम चाल
कछुए जैसी एक है चलती
फिर भी करे कमाल

उत्तर: 1. कागज-पेन, 2. बेल्ट, 3. जूते, 4. घड़ी की सुईयां

---

## रंग भरो-150

**रंग भरो-150** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



भावन्या, भिलाई



कल्पित, रोहतक



पलक, अटेली मंडी



युक्ति, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बलौदा बाजार, फाल्गुनी-भिलाई, प्रगति-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, रितेश-मटियारी, सृष्टि-रायपुर, वेदिका-बालोद, यशिका-बिलासपुर, नेहा-धमतरी, पूजा-रोहतक, रुचिका-दिल्ली, वैभव-करनाल, देवेश-भोपाल

## रंग भरो 151

बच्चों, इस चित्र में रोनित और पाखी बॉल खेलने जा रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## गिनकर बताओ

बच्चों यहां एक साथ कई सारे डॉग्स के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 10

# उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक के लिए रोप-वे निर्माण पर आएगी 30 करोड़ की लागत, 17 करोड़ रेलवे को देना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


उज्जैन में रेलवे स्टेशन से लेकर भगवान महाकाल मंदिर तक में रोप-वे निर्माण के लिए रेलवे की करीब 14 हजार स्क्वायर मीटर जमीन की जरूरत पड़ रही है। इसके लिए रेलवे ने राज्य शासन से 17 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की मांग की है।

इसमें जीएसटी की राशि भी जोड़ी गई है। रेलवे ने राज्य शासन ने कहा कि जमीन 35 वर्षों के लीज पर दी जाएगी, किंतु इससे पहले राशि जमा कराने के बाद ही प्रक्रिया पूरी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेलवे स्टेशन से लेकर महाकाल मंदिर तक में रोप-वे निर्माण की घोषणा की थी। इसे पूरा करने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने के बाद सैद्धांतिक मंजूरी भी दे दी गई। इसमें जीएसटी की दो करोड़ रुपए से अधिक की राशि को यह कहते हुए मंजूरी नहीं दी गई कि शासकीय कार्य में इसकी जरूरत नहीं है।

किंतु रेलवे विभाग राज्य सरकार की मंजूरी से सहमत नहीं है। रेलवे ने 14 करोड़ 60 लाख रुपए के अतिरिक्त ढाई करोड़ रुपए की जीएसटी का भुगतान भी राज्य सरकार करें। इसके बाद ही रेलवे की जमीन मुहैया कराई जाएगी।

**करीब 14 हजार स्क्वायर मीटर जमीन की जरूरत**

**रेलवे ने शासन से 17 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की मांग की**



### मंत्रालय में राशि के भुगतान के लिए प्रक्रिया में आई तेजी

*उज्जैन रेलवे स्टेशन से सीधे भगवान महाकाल मंदिर तक रोप-वे का निर्माण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इस रोप-वे के निर्माण से रेलवे स्टेशन से मंदिर पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कोशिश है कि यह कार्य जितनी जल्दी हो सके, उसे पूरा करा दिया जाए। उन्होंने अभी पिछले दिनों अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में अपनी प्राथमिकताएं बता दी थी। मुख्य सचिव वीरा राणा भी इसे लेकर कोई लेतलतीफी नहीं करना चाहती। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल इसकी प्रक्रिया पूरी कर रेलवे को राशि भुगतान कराने को कहा है। जल्दी ही इसे लेकर अंतिम दौर की बैठक होगी, इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।*

### राज्य सरकार राशि खर्च करने के लिए तैयार, रेलवे को भी इसकी सूचना दी

उज्जैन रेलवे स्टेशन से सीधे महाकाल मंदिर तक रोप-वे निर्माण पर करीब 12 करोड़ रुपए की लागत आएगी, किंतु रेलवे को दी जाने वाली 17 करोड़ रुपए की राशि जोड़ने के बाद इस पर लगभग 30 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। राज्य सरकार यह राशि खर्च करने के लिए तैयार है। रेलवे को भी इसकी सूचना दे दी गई है। दरअसल, रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर के लिए रोप-वे का निर्माण रेलवे की जमीन पर होगा। चूंकि रेलवे के अलावा और किसी के पास मौके पर जमीन नहीं है। जल्दी ही एग्रीमेंट के बाद जमीन पर काम शुरू हो जाएगा।

---

### झांसी में जनसभा की, उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ किया रोड-शो

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- धर्म की बातें करते हैं तो कांग्रेसियों के पेट में होता है दर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, यह बोलने के लिए नहीं, करके दिखाने के लिए है। भाजपा ने यह करके दिखाया है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसमें एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बनता है, एक गरीब का बेटा मुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री बनता है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इनके नेताओं को हमारे धर्मों की बातें चुभती हैं। हम मंदिरों, देवी-देवताओं का जयकारा लगाते हैं, तो इनको तकलीफें होती हैं। ये बोलते हैं कि भाजपा के लोग धर्म की बातें क्यों करते हैं? कांग्रेस ने हमेशा से सनातन धर्म का विरोध किया है, मंदिरों का विरोध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को हरियाणा के बाद उप्र के झांसी लोकसभा सीट में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने उत्तरप्रदेश के झांसी में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रोड-शो भी किया। यहां पर मुख्यमंत्री के रोड शो में जनसैलाब उमड़ा पड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पर लगातार फूलों की बारिश होती रही। इससे पहले झांसी पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभूतपूर्व स्वागत, सत्कार किया गया। इसके बाद दोनों मुख्यमंत्री रथ पर सवार होकर झांसी की गलियों में घूमे।



### सबका साथ-सबका विकास सिर्फ भाजपा में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। सबका साथ सबका विकास, यह बोलने के लिए नहीं करके दिखाने के लिए है और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके भी दिखाया है। मुख्यमंत्री उप्र के झांसी में आयोजित रोड शो में भी शामिल हुए। इस दौरान उनका अभूतपूर्व स्वागत, सत्कार हुआ। रोड शो में भाजपा के वरिष्ठ नेता व मप्र न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के साथ रथ पर सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने भी जनता का अभिवादन स्वीकार किया और स्वागत से भी अभिभूत नजर आए।

### कांग्रेस ने मंदिरों का किया विरोध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से सनातन धर्म का विरोध किया है, मंदिरों का विरोध किया है। कांग्रेस ने सोमनाथ के मंदिर का विरोध किया था, इसका गवाह इतिहास भी है। कांग्रेस पार्टी 70 वर्षों तक अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में रोड़ा डालती रही। हिन्दू-मुसलमान को लड़ाकर राजनीति करती रही। इन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण का भी विरोध किया। इससे बढ़कर इन्होंने जो पाप किया है, वह भी इतिहास में दर्ज होगा, क्योंकि कांग्रेस और इनके घमंडिया गठबंधन के नेताओं ने श्रीरामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण भी ठुकराया था। अब जनता ही इन्हें ठुकराने वाली है।

---

### पुलिस की कार्रवाई में उर्दू-फारसी की जगह हिंदी का होगा इस्तेमाल

# मंत्रालय से पुलिस मुख्यालय तक पहुंचकर आदेश निकलने में लगे 29 महीने, दूरी महज डेढ़ किमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**खास खबर**

मप्र के सरकारी विभागों में फाइलों के चलने की गति क्या होती है, इसका अंदाजा गृह विभाग के एक पत्र के जरिए आसानी से पता किया जा सकता है। गृह विभाग ने पुलिस के दैनिक लिखा पढ़ी में उर्दू, फारसी आदि अन्य भाषाओं के प्रचलित शब्दों के स्थान पर हिंदी के शब्दों का अधिक प्रयोग करने को लेकर गृह विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजोरा ने 11 जनवरी 2022 को डीजीपी विवेक जौहरी को पत्र लिखा था।

करीब 29 महीने बाद अब जाकर इस फाइल पर क्रियान्वयन शुरू हुआ है। अब इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, तत्कालीन एसीएस डॉ. राजोरा ने अपने लेटर हेड पर तत्कालीन डीजीपी जौहरी को पत्र लिखकर कहा कि उर्दू फारसी आदि शब्दों के स्थान पर हिंदी भाषा के शब्दों का उपयोग किया जाए। उन्होंने बाकायदे करीब 69 शब्दों की एक सूची भी डीजीपी को सौंपी। इसमें हिंदी शब्दकोष के अनुसार हिंदी के शब्द दिए गए। हालांकि इसमें कई शब्द ऐसे भी हैं, जो पुलिस की लिखा पढ़ी के साथ ही आम बोल चाल की भाषा में भी प्रचलित है।

### लापरवाही बरती

*पुलिस के ज्यादातर लिखा-पढ़ी में उर्दू व अरबी शब्दों का चलन ज्यादा है। अब जाकर पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पवन कुमार श्रीवास्तव ने 13 मई 2024 को भोपाल पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल व इंदौर के साथ ही प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षक, रेल व अजाक पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर उक्त शब्दों की शब्दावली सहित निर्देश जारी किया है। उनसे कहा गया है कि अपने अधीनस्थ इकाईयों को वितरित कराकर अधिकाधिक हिंदी शब्दों का प्रयोग कराने का कष्ट करें। किंतु महत्वपूर्ण आदेश में भी अफसर हीलाहवाली करते रहे। हैं, इसका ज्वलंत उदाहरण है।*

### अन्य भाषाओं के प्रयोग को लेकर पुलिस विभाग ने एक बार फिर आपत्ति जताई

पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई में उर्दू-फारसी समेत अन्य भाषाओं के प्रयोग को लेकर विभाग ने एक बार फिर आपत्ती जताई है। विभाग का कहना है कि कार्रवाई में हिंदी भाषा के शब्दों का प्रचलन किया जाए। इस आशय से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक में सभी अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है। आदेश में लिखा गया है कि वर्तमान में पुलिस विभाग द्वारा जो करवाई की जा रही है। उसमें उर्दू और फारसी सहित अन्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। अपेक्षा की गई है कि पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई में गैर हिंदी शब्दों के स्थान पर हिंदी शब्दों का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए विभाग द्वारा शब्दकोश भी अधीनस्थ अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए हैं।

---

### सट्टा में पैसों के लेन-देन करने दूसरों के नाम पर खुलवाए 150 खाते

**रायपुर।** सट्टा के पैसों के लेन-देन के लिए दूसरों के नाम पर बैंक पास बुक खुलवाने वाले तीन शातिर आरोपी महेश ताण्डी, राहुल कुमार देवांगन और ई शंकर राव को पकड़ा गया। आरोपियों की ओर से अब तक लगभग 150 से अधिक बैंक खाते खुलवाये गए हैं। प्रकरण में अब तक कुल 16 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रायपुर के गंज थाना में मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस एक्शन मोड में आई। अब तक 16 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। आरोपियों के कब्जे से 12 नग लैपटॉप, 55 नग मोबाइल फोन, 31 बैंक पास बुक, पांच चेक बुक और 34 नग एटीएम कार्ड जब्त किया गया है।

---

### भाजपा को ही दोष देना उचित नहीं, हम में भी कुछ कमियां हैं, जिन्हें दूर करेंगे

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी बोले: चौकाएंगे चुनाव परिणाम, दो अंकों में पहुंचेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को पत्रकारवार्ता कर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। पटवारी



ने कहा कि हॉस्टल में मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी स्कूल संचालक मनिराज मोदी सत्ता पक्ष से जुड़ा है, इसलिए उसके घर पर अब तक बुलडोजर नहीं चला। पटवारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि इंदौर और खजुराहो में भाजपा ने लोकतंत्र का अपहरण किया है। पटवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम चौकाएंगे और कांग्रेस दो अंकों में पहुंचेगी। भाजपा में जा रहे कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस छोड़कर जाने वालों को अब भाजपा के मंच पर भी जगह नहीं मिल रही है।

### नए चेहरों को देंगे जिम्मेदारी

पटवारी ने जल्द ही संगठन में बदलाव करने की बात कही। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस चार बार से चुनाव हार रही है। भाजपा को ही दोष देना उचित नहीं है। हममें भी कुछ कमियां हैं, जिन्हें दूर करेंगे। संगठन में जल्द ही बदलाव नजर आएगा। एमपी में कांग्रेस संगठन में जल्द ही बड़ा बदलाव होगा। इतना ही नहीं, पार्टी छोड़कर जाने वालों के लिए भी कांग्रेस नई रणनीति बना रही है।

### सरकार में दलाल सक्रिय, जल्द जारी करेंगे लिस्ट

जीतू पटवारी ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मप्र में दलाल सक्रिय हैं। सत्ता पक्ष के नेताओं ने अपने दलाल हर विभाग में भेज दिए हैं। बहुत जल्द हम एक लिस्ट जारी करेंगे कि किस विभाग में और कार्यालय में कौन-कौन से दलाल सक्रिय हैं।

---

जीतू के बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी का पलटवार

## कांग्रेस को 29 नए अध्यक्ष पद के दावेदार मिलने वाले हैं: अग्रवाल

### पटवारी ने हार स्वीकार की, वह अध्यक्ष पद पर रहने लायक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा मीडिया में दिए गए एक बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी



आशीष उषा अग्रवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हर चीज के लिए भाजपा जिम्मेदारी नहीं है, नतीजों से पहले जीतू पटवारी ने हार स्वीकार की, जीतू पटवारी प्रत्याशित हार स्वीकार कर उसका ठीकरा पूर्ववर्ती अध्यक्ष व संगठन पर फोड़ना चाहते हैं, उससे सिद्ध होता है कि वो पार्टी में अध्यक्ष पद पर रहने के लायक नहीं है।

### गृह क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भाग गया

अग्रवाल ने कहा कि ये वहीं जीतू पटवारी हैं, जिन्होंने कहा था कि पार्टी गई तेल लेने। ये वहीं जीतू हैं जिनके गृहक्षेत्र से कांग्रेस का लोकसभा प्रत्याशी भाग जाता है और ये हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे। आज पुनः साबित हो गया ही जीतू पटवारी संगठन संभालने में नाकाबिल है। इन्हें अपना नाम जीतू पटवारी से बदलकर हार पटवारी रख लेना चाहिए। वैसे कांग्रेस में हारे हुए नेताओं को अध्यक्ष बनाने की परंपरा रही है। 4 जून से जीतू पटवारी को पद से हटाने के लिए कांग्रेस को 29 नए अध्यक्ष पद के दावेदार मिलने वाले है।

---

### चार धाम गए 3 भक्तों की मृत्यु पर परिजनों को 4-4 लाख की सहायता

**भोपाल।** चार धाम तीर्थयात्रा पर गए मध्यप्रदेश के तीन श्रद्धालुओं का दिल का दौरा पड़ने से असामयिक निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को यह गहन दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। डॉ. यादव ने कहा कि मृतकों के परिजनों को मध्यप्रदेश शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की अंतरिम सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यात्रा में गए प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए हेल्पलाइन नं. 011-26772005, 0755-2708055 एवं 0755-2708059 भी जारी किया गया है।

---

### कांग्रेस नेता विक्रम बैस हत्याकांड का खुलासा

## रंजिश के चलते रची गई मौत की साजिश, गंडासे से हमला कर मारी थी गोली, अलग-अलग जगहों से 6 अरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

नारायणपुर में कांग्रेस नेता विक्रम बैस हत्याकांड का नारायणपुर पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया है। हत्या की घटना में शामिल छह आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नारायणपुर निवासी विक्रम बैस की रंजिश के चलते हत्या की थी। घटना में इस्तेमाल पिस्टल, गंडासा, दोपहिया वाहन और आरोपियों के मोबाइल को जब्त किया गया है। हत्या की साजिश रचने वाला मुख्य आरोपी मनीष राठौर फरार है।



नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि 13 मई की रात में अज्ञात व्यक्तियों ने कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए साइबर टीम और पुलिस की अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। सीसीटीवी फुटेज व साइबर एनालिसिस के आधार पर मनीष राठौर निवासी नारायणपुर का नाम सामने आया। मनीष राठौर, जसप्रीत सिंह सिद्धू, विश्वजीत नाग, विप्लव और विवेक अधिकारी ने लगभग डेढ़ महीने पहले हत्या की साजिश रची थी।

मनीष राठौर ने भिलाई के इंडियन कॉफी हाउस में पिस्टल खरीदने और हत्या की प्लानिंग करने के लिए विश्वजीत नाग, राजीव रंजन यति उर्फ राजू उर्फ बिहारी, संदीप यादव उर्फ संजू और सैमुआल उर्फ रायनुन्तलम के साथ मीटिंग की। हत्या में उपयोग हुआ पिस्टल जिला सिवान बिहार से लाया गया था। घटना को अंजाम देने से पहले दो दिनों तक आरोपियों ने विक्रम बैस की रेकी की थी। घटना के दिन विक्रम बैस को अकेला पाकर आरोपी संजू यादव और विश्वजीत नाग ने मिलकर गंडासा से वार कर और पिस्टल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना में प्रयुक्त पिस्टल को मनीष राठौर के गोदाम में छुपा दिया गया था।

### बाइक चोर गिरफ्तार शराब पीने के लिए चुराया था वाहन



**जगदलपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले दो युवक शराब पीने के आदि थे। शराब पीने के लिए पैसे नहीं होने पर खपरा भट्टी के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर उससे कब्जे से बाइक बरामद की है। शिकायतकर्ता सौरभ जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जितेंद्र सिंह नाम साईनाथ कमर्शियल खपरा भट्टी कपड़ा गोदाम की रखवाली करता है। रोज की तरह जितेंद्र ने अपनी बाइक गोदाम के बाहर खड़ी की थी। सुबह बाइक वहां से गायब थी।

---

## पेंड्रा वन परिक्षेत्र में सागौन के जंगल में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

मरवाही वन मंडल के पेंड्रा वन परिक्षेत्र के पतगवा झाबर गांव मुख्य मार्ग के पास सागौन प्लांट में आग लग गई। आग लगने से सागौन प्लांट का एक बड़ा इलाका जल गया। आग लगने की खबर मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि तेज हवा और धधकती आग से आग पर काबू पाने में काफी परेशानी हो रही है।संसाधन नहीं होने की वजह से आग को काबू करने में काफी परेशानी हो रही है। सूखे पत्ते और तेज हवाओं की वजह से आग तेजी से जंगल में फैल रही है। हालांकि आग लगने से प्लांट में मौजूद छोटे-छोटे पौधे जलकर खाक हो गए हैं।



### फॉरेस्ट डिपो के पास मिला युवक का शव हत्या की आशंका

**महेंद्रगढ़।** चनवारीडांड में फॉरेस्ट डिपो के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंचकर आगे की कार्रवाई कर रही है। अंबिकापुर से फोरेंसिक और डॉग स्क्वाड की टीम भी मौके पर पहुंची है। मृतक की शिनाख्त मनेन्द्रगढ़ निवासी रईस अहमद के रूप में की गई है।

### नवविवाहित का संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिला शव

**बलरामपुर।** रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चेरा में नवविवाहित का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिला। सिर में गंभीर चोट के निशान थे। विवाहिता के मायके के लोगों ने बेटी को दहेज के लिए मारकर कुएं में डालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। विवाहिता के मायके वालों का आक्रोश देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। जानकारी के अनुसार, पूजा यादव की शादी चेरा गांव में रहने वाले आशीष यादव के साथ 2 मई 2023 को हुई थी। शादी में मायके वालों ने दहेज में पांच लाख रुपए नगद और दो लाख का सामान दिया था। इसके बाद भी पति दहेज को लेकर पूजा को प्रताड़ित करता था। तंग आकर मायके वालों ने 55 हजार रुपए फोन-पे के माध्यम से आशीष के मोबाइल पर 7 फरवरी भेज दिए। इसके बाद भी लालच कम नहीं हुआ और वह रुपए मांगता रहा। मायके वालों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पति आशीष यादव, ससुर जयप्रकाश यादव, रीता यादव, मनीष यादव और नितेश यादव ने पूजा के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई, मौत होने के बाद शव को कुए में डाल दिया है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | आरडीएसओ स्पेसिफीकेशन संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0061–2005 (रिवीजन –1) के अनुसार एलएचबी प्रकार ईओजी एसी कोच के विभिन्न प्रकार के आरएमपीयू के लिए उपयुक्त कंडेनसर क्वाईल और वाष्पीकरण क्वाई (आरएचएस एवं एलएचएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें आरएमपीयू यूनिट से मौजूदा कंडेन्सर क्वाईल और वाष्पीकरण क्वाईल को हटाना शामिल है। |
| निविदा संख्या | 30–विद्युत–2टी–कोचिंग–2024–25 |
| कार्य का अनुमानित लागत (रू0 में) | 1,37,11,936/– रू0 |
| निविदा फार्म का मूल्य | 0.00/– रू0 |
| कार्यालय का पता | वरि0 मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | 2,18,600/– रू0 |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 06 महीने |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 07.06.2024 15:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 07.06.2024 15:01 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरि0 मंडल विद्युत अभियंता/कोचिंग/नई दिल्ली |

1490/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# नव आर्थिक सुधार के बिना समावेशी विकास संभव नहीं

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को लेकर जो अगले वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान जाहिर किया है, वह वास्तविता के करीब ही है। लेकिन अर्थव्यवस्था के आकार से समावेशी विकास और गरीबी उन्मूलन का कोई ताल्लुक नहीं है। अर्थव्यवस्था के आकार बढ़ने का मतलब विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने से भी नहीं है। कोविड उपरांत की अर्थव्यवस्था के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं, जो भारत के विकसित देश बनने की राह की कांटें हैं। पीएमईएसी के मुताबिक, भारत वित्त वर्ष 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा और अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। वर्ष 2027 तक भारत आकार के हिसाब से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बावजूद भारतीय अर्थवयवस्था के सामने बुनियादी चुनौतियां बनी रहेंगी। प्रति व्यक्ति वार्षिक आय, मानव विकास सूचकांक, विश्व गरीबी सूचकांक, हर व्यक्ति तक शिक्षा व स्वास्थ्य की पहुंच, स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार, गरीबी उन्मूलन, सबके लिए रोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता आदि मानक हैं, जिनमें भारत की स्थिति एक लोअर मिडिल इनकम वाले देश की है। महज 23 वर्ष की अवधि में इन सभी मानदंडों पर खरा उतरना आसान नहीं है। वैश्विक वित्तीय संस्थान डेलायट की रिपोर्ट के मुताबिक भारत अगर अगले 20 वर्ष तक लगातार 8-9 फीसदी दर से जीडीपी ग्रोथ करेगा, तभी वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल कर सकेगी। विकसित राष्ट्र बनने के लिए अर्थव्यवस्था के आकार बढ़ने के साथ मानवीय विकास के दूसरे सूचकांकों में भी बेहतर परिणाम हासिल करना होता है। पीएमईएसी के मुताबिक, कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। बाजार मूल्य पर भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3,700 अरब डॉलर है। जापान अभी 4,100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा ही आगे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार चुनाव संबोधनों में भारत के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने की बात दोहराते रहते हैं, लेकिन सरकार इसके लिए कभी कोई रोडमैप पेश नहीं करती है। अगर अर्थव्यवस्था की तरलता सब्सिडी व सरकारी योजनाओं पर निर्भर हो, अगर बैंकों में बचत जमा में कमी आ रही हो, पांच किलो मुफ्त राशन व अन्य मुफ्त स्कीमों से अगर सरकार बड़ी आबादी को आश्रित बना रही हो, तो अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता का लक्ष्य कैसे हासिल करेगी? एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत का मौजूदा आर्थिक परिदृश्य वैश्विक तुलना में इंप्रेसिव है, लेकिन जब नई सरकार बनेगी, तो उसके सामने अर्थवयवस्था में सुधार की अनेक चुनौतियां होंगी। भारत को आर्थिक सुधार के अगले स्ट्रक्चरल व नीतिगत चरण में प्रवेश करने की जरूरत है।

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

आर.पी. पराशर



# हाइपरटेंशन से बचाव के लिए एक्टिव जीवनशैली अपनाएं

उच्च रक्तचाप यानी हाइपरटेंशन का अर्थ है धमनियों में रक्त प्रवाह का तेज हो जाना। जब सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर लगातार 140 से ऊपर व डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 100 से ऊपर रहे तो इसे हाइपरटेंशन कहा जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस समय पूरे विश्व में हाइपरटेंशन के 130 करोड़ मरीज हैं जिनमें से 22 करोड़ अकेले भारत में ही हैं। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक मौतें हाइपरटेंशन के कारण हो जाती हैं। भारत में कुल होने वाली मौतों की 63% मौतें गैर संक्रामक रोगों के कारण होती हैं, जिनमें से 27 प्रतिशत हृदय रोगों के कारण होती हैं। देश में हाइपरटेंशन के मामलों में 25% तक कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित कर विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च व भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से इंडिया हाइपरटेंशन कंट्रोल इनिशिएटिव की शुरुआत 2017 में की गई थी। गत 18 मार्च 2024 को इंटरनेशनल जनरल ऑफ पब्लिक हाइजीन में छपी आईसीएमआर की स्टडी के अनुसार देश में 15.9% लोग हाइपरटेंशन के शिकार हैं, जबकि 33.7% लोग प्री- हाइपरटेंशन की स्टेज में हैं। यह स्टडी नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अंतर्गत 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 707 जिलों से लिए गए आंकड़ों के आधार पर की गई थी। हाइपरटेंशन के मरीजों के बारे में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि देश में मात्र 12% हाइपरटेंसिव मरीजों का ब्लड प्रेशर नियंत्रण में है। इससे बचाव के उपायों और इलाज के बारे में लोगों को जागरूक और शिक्षित कर न केवल हाइपरटेंशन का इलाज कर लोगों को मौत से बचाया जा सकता है, बल्कि देश की 33.7 आबादी जो इस समय प्री हाइपरटेंसिव स्टेज में है, को हाइपरटेंशन से बचाया जा सकता है। हाइपरटेंशन से बचाव और इलाज के लिए दवा से भी महत्वपूर्ण है स्वस्थ जीवन शैली अपनाना। नियमित रूप से व्यायाम, योग, ध्यान के साथ-साथ हेल्दी फूड हाइपरटेंशन से बचाव और सफल इलाज के लिए अति आवश्यक हैं। हाइपरटेंशन होने के मुख्य कारण जंक फूड, फास्ट फूड, डिब्बाबंद फूड, प्रोसेस्ड फूड के अलावा गरिष्ठ व अधिक नमक, चीनी वसायुक्त भोजन का लगातार सेवन, व्यायाम का



अभाव तथा तनाव, चिंता, अवसाद जैसी मानसिक स्थिति का लगातार बने रहना। हाइपरटेंशन से बचाव और इलाज के लिए जरूरी है कि हम अपने आहार विहार और जीवन शैली में उपरोक्त कारणों को मद्देनजर रखते हुए परिवर्तन करें। आयुर्वेद के मतानुसार हाई ब्लड प्रेशर दो तरह के दोषों पित्त और वात की वजह से होता है। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर के इलाज में आयुर्वेदिक औषधियों की मदद से इन दोषों को ही संतुलित करने का प्रयास किया जाता है। सर्पगंधा, जटामांसी, पुनर्नवा, ब्राह्मी, वच, शंखपुष्पी आदि आयुर्वेदिक औषधियां हाइपरटेंशन के उपचार में मदद करती है। इसके अलावा तुलसी, पुनर्नवा, गुलकंद, तगर आदि दवाएं दिमाग की शांति के लिए उपयोगी हैं। मूड सही करने तथा तनाव को दूर करने के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है।

हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए शाकाहार सबसे अच्छा उपाय है। खीरा, तरबूज, खरबूज, अजवाइन, करेला और लहसुन को अपनी डाइट में शामिल करें तो हाइपरटेंशन में काफी आराम मिलेगा। टमाटर, खीरा, चुकंदर, संतरा, तरबूज व खरबूजे का जूस हाइपरटेंशन के इलाज के लिए फायदेमंद है। वनस्पति घी का प्रयोग कम मात्रा में करें, रिफाइंड तेल का प्रयोग बिल्कुल न करें। चाय, कॉफी, आदि कैफीन उत्पादों से परहेज करना हाई बीपी के मरीजों के लिए बेहद जरूरी है। हाइपरटेंशन के मरीज शराब व धूम्रपान को पूर्णतया त्याग दें। भोजन में नमक की मात्रा 1500 मिलीग्राम से 2300 मिलीग्राम प्रतिदिन से अधिक नहीं से अधिक नहीं होनी चाहिए। चूंकि नमक में विद्यमान सोडियम ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है इसलिए सोडियम के बजाय पोटेशियम युक्त खाद्य पदार्थो का प्रयोग करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, केला, संतरा, आलू, शकरकंदी, ड्राई फ्रूट, सब्जियों और फलों के बीच पोटेशियम के अच्छे स्रोत माने जाते हैं। हाइपरटेंशन से छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से व्यायाम, योग व ध्यान करना बेहद जरूरी है। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट वॉकिंग, जॉगिंग, डांसिंग जैसी एरोबिक एक्सरसाइज व्यक्ति को हाइपरटेंशन से बचाए रखने में मददगार है। योग में ध्यान के नियमित अभ्यास से तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है। पंचकर्म की स्नेहन, स्वेदन, विरेचन, वमन और शिरोधारा जैसी थेरेपी सहयाक है।

(लेखक मनोचिकित्सक एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ, सीएमओ (आयुर्वेद), दिल्ली नगर निगम हैं।)

# पहाड़ों पर बढ़ती भीड़ यानि आपदा की आहट



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पट खुलने के बाद ही चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के चलते सरकारी व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। आलम यह है कि इस यात्रा के प्रवेश द्वार हरिद्वार से 170 किलोमीटर आगे बारकोट तक 45 किमी लंबा जाम है तो दूसरी ओर गंगोत्री-यमुनोत्री मार्ग पर हालात काफी बदतर हैं जिसमें हजारों श्रद्धालु 25 घंटे से फंसे होने का समाचार है। आलम यह है कि रास्ते में फंसे श्रद्धालु जहां हाड़ कंपाने वाली ठंड में सड़कों पर रात गुजारने के लिए मजबूर हैं वहीं लोगों को भोजन और पानी के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। दूसरी ओर आपदा में अवसर ढूंढने वालों की भी कमी नहीं है वे श्रद्धालुओं से टैक्सी और खाने- पीने की चीजों के लिए दोगुनी - तिगुनी कीमतें वसूल रहे हैं। खबरों के मुताबिक यमुनोत्री - गंगोत्री मार्ग में जाम में फंसे 12 लोगों की मौत अभी तक हो चुकी है। चारधाम यात्रा के पहाड़ों पर हजारों वाहनों और श्रद्धालुओं के बोझ के चलते भूस्खलन का खतरा भी मंडरा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक इस साल चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में 44 फीसदी तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। पिछले साल 2023 में विपरीत मौसम और कोरोना प्रोटोकॉल के बावजूद जहां 54 लाख श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने चारधाम यात्रा किया वहीं इस साल यह संख्या 80 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। गौरतलब है कि जैसे - जैसे पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ इन इलाकों में बढ़ रही है वैसे-वैसे सरकार भी लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए विकास योजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

केंद्र सरकार चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए ऑलवेदर रोड बना रही है लेकिन इससे पहाड़ कमजोर होने लगे हैं। दरअसल पहले लोग चारधाम यात्रा में आध्यात्मिक भाव लेकर जाते थे लेकिन अब एक बड़ा तबका इन स्थानों में सैर-सपाटे के लिए जा रहे हैं फलस्वरूप पहाड़ों पर ऐसे लोगों की भीड़ बढ़ रही है जिनका उद्देश्य धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि मौज-मस्ती करना है। बीते कुछ सालों के दौरान सोशल मीडिया में अपना फालोवर्स बढ़ाने के सनक के चलते 18 से 25 साल के यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया यूजर्स की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है जो हिमालय के वादियों में बसे चारधाम के खूबसूरत वादियों और धार्मिक माहौल का रील्स बनाने के उद्देश्य से पहाड़ों पर आ रहे हैं। इस तीर्थ क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई किया है जिन्होंने शराब या किसी अन्य मादक पदार्थों का सेवन किया हुआ था। इस साल अभी तक पुलिस ने 30 लोगों के खिलाफ नशाखोरी का मामला दर्ज कर चालानी की कार्रवाई की है।दूसरी ओर चारधाम में ऐसे श्रद्धालुओं के तादाद भी हर साल बढ़ रहे हैं जो ढोल - नगाड़ों के तेज आवाज में शोर शराबे के साथ भक्ति गीत पर नृत्य करते हैं। बीते 10 मई को केदारनाथ में ऐसे ही कुछ ग्रुप्स का पुरोहितों और श्रद्धालुओं ने विरोध किया है। बहरहाल ऐसे गतिविधियों से जहां देवस्थानों के मंदिरों की मर्यादा भंग हो रही है वहीं हिमालय के पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। गौरतलब है कि अनेक पर्यावरणविदों ने चेतावनी दी है कि उत्तराखंड का यह क्षेत्र डेंजर जोन की श्रेणी में आता है और यहां कि चट्टानें बहुत नाजुक हैं जो किसी भी भारी आवाज से दरक सकते हैं लेकिन मौज- मस्ती करने वालों पर इस चेतावनी का कोई असर नहीं पड़ रहा है। बहरहाल यह हर धर्मावलंबी की जवाबदेही है कि वह अपने धार्मिक केंद्रों की मर्यादा और शुचिता के प्रति गंभीर हो और इसके लिए उन्हें आत्म अनुशासित होना होगा।



अलबत्ता हिमालय का पर्वतीय क्षेत्र मनुष्य के लिए सदैव ही आस्था और आकर्षण का केंद्र रहा है हिंदू धर्म के अलावा अनेक धर्मों के प्रमुख तीर्थस्थल इन्हीं पहाड़ों पर हैं तो हिमालय के तराई की सुरम्यता सैलानियों को बहुत लुभाती भी है।वैश्विक महामारी कोरोना के बाद उत्तराखंड में चारधाम यात्रा केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, बद्रीनाथ, जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ तीर्थक्षेत्र एवं वैष्णो देवी सहित हिमाचल प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों के धार्मिक और पर्यटक शहरों में श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की भीड़ में लगातार इजाफा हो रहा है। इन तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर खासकर गर्मियों और सर्दियों की छुट्टियों में इन स्थानों में लोगों की काफी भीड़ होती है। श्रद्धालुओं और सैलानियों की भारी भीड़ के चलते पहाड़ों और सड़कों पर घंटों वाहनों की लंबी-लंबी कतारें घंटों तक जाम में फंसने की खबरें अब आम हो चुकी है। हाल के वर्षों में पहाड़ों पर विकास योजनाओं और क्षमता से ज्यादा मानव बसाहट के चलते पहाड़ी इलाकों में लगातार आपदाएं बढ़ रही है। देश अभी भी 2013 में देवभूमि उत्तराखंड के केदारनाथ में हुए जल तांडव को नहीं भूला है। गौरतलब है कि 16 जून की रात केदारनाथ मंदिर के पीछे ग्लेशियर पर बादल फटने और उसके बाद आई भीषण बाढ़ ने केदारनाथ में भारी तबाही मचाई थी जिसमें 5000 लोगों की मौत हो गई वहीं हजारों लोग आज भी लापता हुए थे और 4500 गांव तबाह हो गए थे। उत्तराखंड यह मंजर भूला भी नहीं था कि 7फरवरी 2021 को चमोली जिले के रैणी गाँव के पास ऋषिगंगा घाटी में ग्लेशियर टूटने से हुई भारी तबाही हुई है।इस हादसे में 60 लोगों की मौत तथा लगभग 150 लोग लापता हुए थे।इस त्रासदी में अलकनंदा की सहायक नदियों धौलीगंगा और ऋषिगंगा के जलप्रलय ने दो हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट ऋषिगंगा और विष्णुगढ़ को तबाह कर दिया था। साल 2023 में भी उत्तराखंड में कुदरती हादसों ने एक बार फिर मनुष्य को चेताया है कि अब पहाड़ों का सब्र टूट रहा है। इस साल जोशीमठ में जमीन धंसने और घरों व सड़कों पर बड़ी - बड़ी दरार आने के फलस्वरूप प्रशासन को शहर खाली कराना पड़ा वहीं सिलक्यारा - बारकोट सुरंग धसकने से 41 मजदूरों का जान सांसत में आ गया था और उन्हें कई दिनों के जद्दोजहद के बाद बचाया जा सका।

विचारणीय है कि मानव सभ्यता का विकास प्रकृति के गोद में हुआ है लेकिन उसने सबसे ज्यादा असभ्यता कुदरत के साथ ही दिखाई है। आधुनिक विकास की अंधी दौड़ हमारी सभ्यता, संस्कृति के साथ प्रकृति को भी लगातार निगल रही है।विकास का सपना शुरू में बड़ा लुभावना लगता है लेकिन जब यह विनाश बनकर प्रकट होता है तो वह प्रलयंकारी और भयावह होता है।

दरअसल उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू कश्मीर सहित अन्य पहाड़ी राज्यों के सरकारों ने आर्थिक विकास के लिए पर्यटन उद्योग तथा पनबिजली संयंत्रों को प्राथमिकता में शामिल कर लिया है। आलम यह है कि इन राज्यों में पन बिजली संयंत्र के लिए नदियों के अविरल प्रवाह को रोककर,पहाड़ों को खोदकर टनल, बैराज,पुल, पावर प्रोजेक्ट , कृत्रिम पर्यटन स्थल बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के सुगम यातायात और आवास के लिए इन इलाकों के पहाड़ों को काटकर सड़कें बनाई जा रही है अथवा चौड़ी की जा रही हैं। तमाम पर्यावरणीय कानूनों को धता बताकर होटल, रिसॉर्ट, रोपवे और कृत्रिम पर्यटन स्थलों का निर्माण किया जा रहा है। यातायात दबाव से भी पहाड़ का परिस्थितिकीय तंत्र बिगड़ रहा है। दैत्याकार क्रेन और भारी निर्माण उपकरण पहाड़ों को खोद रहे हैं, चट्टानी सीने को बारुद के विस्फोटों से तोड़ा जा रहा है।नदियों में बेतहाशा रेत खनन हो रहा है, नदियों के मुहाने पर क्रशर प्लांट लगा दिया गया है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है फलस्वरूप पहाड़ों की मिट्टी बांधकर रखने की क्षमता कमजोर हो रही है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंट्रीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि हिमालयन क्षेत्र के ग्लेशियर बड़ी तेजी से टूट रहे हैं, ग्लेशियरों को जोड़े रखने के लिए सब-जीरो टेंपरेचर की जरूरत है। प्रकृति के साथ निर्ममता के कारण हिमालयन क्षेत्र में ग्लोबल वार्मिंग का खतरा लगातार बढ़ रहा है फलस्वरूप बादल फटने जैसी घटनाएं बढ़ रही है। हिमालय इस समय बीते 20 सालों में सबसे गर्म है। अलबत्ता पहाड़ों के प्रति अनुदारता के लिए आम नागरिक भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। हिमालय क्षेत्र में चारधाम यात्रा सहित अन्य पर्यटन स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के वाहनों के धुएं और हार्न उस इलाके में वायु और ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं तो दूसरी ओर लोगों द्वारा हर महीने हजारों टन प्लास्टिक कचरा जिसमें प्लास्टिक बोतल, पॉलिथीन बैग, शीतल पेय के केन, स्ट्रा, चिप्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य डिस्पोजेबल सामान पहाड़ों, जंगलों या नदियों में फेंक दिए जाते हैं। एक एनजीओ "हीलिंग हिमालय" के प्रदीप सांगवान बताते हैं कि हिमालयन क्षेत्र के पर्यटन स्थलों से वे रोज 1.5 टन गैर बायोडिग्रेडेबल कचरा इकट्ठा करते हैं। गौरतलब है कि ये प्लास्टिक कचरे हिमालय के तापक्रम को बढ़ाते हैं जिससे ग्लेशियर पिघलता है फलस्वरूप यहां आपदाओं की आशंकाएं बढ़ जाती है। इन परिस्थितियों में मानव समाज और सरकार को अपने व्यवहार और कार्यप्रणाली में पहाड़ों, नदियों और जंगलों को विमर्श लाना ही होगा अन्यथा प्रकृति का सब्र टूटेगा तो पहाड़ों पर त्रासदियां आती रहेंगी जिसका खामियाजा अंततोगत्वा मनुष्य को ही चुकाना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित

दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

# मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित

प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया। उसके बाद सेठ अमीरचंद ने कभी भी ईर्ष्या नहीं की, क्रोध का भी त्याग कर दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### टूटते परिवारों के लिए जिम्मेवार कौन?

दुनियाभर में परिवार के महत्व को समझाने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र जनरल एसेंबली ने सन 1993 को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने की घोषणा की थी। अब हर वर्ष 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। बेशक इस दिवस की शुरुआत विदेश से हुई है, लेकिन हमें दूसरे देशों की अच्छी बातों को ग्रहण करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए और न ही यह तर्क देना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमारे देश की परंपरा नहीं है। परिवार का महत्व क्या है, इसकी अहमियत हमारे देश में बहुत ज्यादा है। हमारे देश में तो सारी पृथ्वी को अपना परिवार समझा जाता है, तभी तो हमारे देश में कहा जाता है 'वसुधैव कुटुम्बकम।'

*- संतोष देवांगन, कुम्हारी*

## करंट अफेयर

### चीन और कंबोडिया में 15 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू

कंबोडिया पर बढ़ते चीन के प्रभाव को लेकर उठ रहे सवालों के बीच दोनों देशों ने बृहस्पतिवार को 15 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। कंबोडिया के लगभग 1,315 सैन्यकर्मी और चीन के 760 सैन्यकर्मी थल और जल सैन्याभ्यास 'गोल्डन ड्रैगन' में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा चीन के तीन और कंबोडिया के 11 पोत भी इसका हिस्सा हैं। पहले चरण का अभ्यास कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह के उत्तर पश्चिम में लगभग 90 किलोमीटर दूर जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सैन्य अड्डों पर शुरू किया गया है। कंबोडिया की सेना के कमांडर इन चीफ जनरल वोंग पिसेन ने नए उपकरण उपलब्ध कराने और रीम नामक नौसैनिक अड्डे समेत अन्य सैन्य सुविधाओं को उन्नत बनाने में मदद करने के लिए चीन को धन्यवाद दिया। अमेरिका और अन्य देश इस बात को लेकर चिंचित हैं कि रीम पर एक गोदी के निर्माण में चीन की भागीदारी से यह थाईलैंड की खाड़ी पर चीन की नौसेना के लिए नयी निगरानी चौकी बन सकता है। इसके अलावा, चीन के युद्धपोत पांच माह से अधिक समय से गोदी पर खड़े होने से अमेरिका और अन्य देशों की चिंताओं को बल मिला है।



## ऑफ बीट

### हमारे शरीर में स्थित खून का रंग लाल क्यों होता है

रक्त हमारे शरीर के भीतर होता है, लेकिन जब हमें रक्तस्राव होता है तो हम इसे बाहर देखते हैं, जैसे कि जब हमें कट लगता है या नाक से खून बहता है।



रक्त हीमोग्लोबिन नामक वस्तु के कारण लाल होता है। हीमोग्लोबिन लाल होता है और यह हमारे रक्त को लाल बनाता है। लेकिन हीमोग्लोबिन किस काम के लिए होता है? दरअसल, हमें अपने रक्त में ऑक्सीजन ले जाने के लिए हीमोग्लोबिन की आवश्यकता होती है। यह थोड़ा जटिल लग सकता है, तो आइए अधिक बारीकी से देखें कि हमें ऑक्सीजन की आवश्यकता क्यों है, और हमें अपने रक्त में ऑक्सीजन ले जाने के लिए हीमोग्लोबिन की आवश्यकता क्यों है। हर किसी को जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत होती है। हमारे शरीर को काम करने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। हमारा शरीर लाखों-करोड़ों छोटी-छोटी कोशिकाओं से बना है। हमारे शरीर की सभी कोशिकाओं को जिस हवा में हम सांस लेते हैं उससे ऑक्सीजन और हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन से पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। कोशिकाएं ऊर्जा बनाने के लिए ऑक्सीजन और पोषक तत्वों का उपयोग करती हैं ताकि वे अपना काम कर सकें।

## ट्रेंड

### जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे



स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की खबर से गहरा सदमा लगा। मैं इस कायरतापूर्ण और कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं और पीएम फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत स्लोवाक गणराज्य के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हमारी कर्मभूमि



रायबरेली और अमेठी हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गयी, जिनकी शुरू की गयी सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### सच्ची लड़ाई



जीवन की सच्ची लड़ाई यह है : विलुप्त होने वाले लोग जो संपूर्ण मानवता का विनाश चाहते हैं। वे किसी को कुछ नहीं समझते - बनाम -विस्तारवादी जो सितारों तक पहुंचना चाहते हैं और ब्रह्मांड को समझना चाहते हैं। वे पूरी कायनात को देखना चहाते हैं।

-एलन मस्क, उद्योगपति

### लूटने आते हो



इस दुनिया में मज़े मारने नहीं आते हैं आप, लुटने आते हो। ये जगत है ही इसीलिए कि हमको मूर्ख बना-बनाकर हमें लूटता जाए। एक-एक चीज, एक-एक व्यवस्था, आप जिसमें शामिल हैं, आप अगर देख पाएं तो दिखेगा कि कैसे आपका शोषण होता है।

-आचार्य प्रशांत, आध्यात्मिक गुरु

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




## मशलीशहर में कमल के फूल खिली न, हम ईहां से जीत के लिए आश्वस्त होके जाईं

# लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा हां

**एजेंसी ⏭ जौनपुर**

पीएम नरेंद्र मोदी ने जौनपुर जिले में जनसभा में मतदाताओं का उत्साह देख कर पीएम मोदी गदगद हो गए। उन्होंने भोजपुरी में जौनपुर की जनता का अभिवादन करते हुए जीत का आश्वासन भी मांगा। कहा कि इहां से जीत के लिए आश्वस्त होके जाईं न? इस पर जनता ने भी हां में जवाब देते हुए मोदी-मोदी के जयकारे लगाए। अब डॉक्टर बनना है, इंजीनियर बनना है तो आप अपने गांव के भाषा में पढ़कर के आएंगे तो भी डॉक्टर बनेंगे। अब गरीब मां का बेटा भी डॉक्टर बनेगा। गरीब मां की बेटी भी डॉक्टर बनेगी। इंजीनियर बनेगी और हिंदी में परीक्षा होगा। यह रास्ता खोल दिया है, लेकिन आप जानते हैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसका भी विरोध करते हैं। आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य नहीं चाहते। भाजपा युवाओं की आकांक्षाओं को समझती है उनके लिए काम करती है। मेडिकल की परीक्षा में ओबीसी आरक्षण लागू किया हमने। सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10फीसदी आरक्षण दिया।

**पीएमवेश में आए नन्हें की तारीफ**

- दो बच्चे पीएम मोदी और सीएम योगी का रूप धारण कर आए थे। तीसरे शख्स ने खुद पर भगवा रंग लगाया था। जिस पर लिखा था- अबकी बार 400 पार।
- मोदी ने उन बच्चों से कहा कि क्या बढ़िया मेकअप किया है भई...। वाह! दोनों मोदी-योगी बनके आ गए।

**अगले 5 साल की गारंटी देने आया**

उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में माफियाराज था। जीतने के लिए उन्हें वोट मांगने की जरूरत नहीं है, लेकिन वे अगले पांच साल की गारंटी देने आए हैं।

## जौनपुर की जनता में पीएम मोदी ने भरा जोश,उत्तर प्रदेश में की 4 सभाएं

### इंडी गठबंधन और बसपा का लक्ष्य तुष्टीकरण

इंडी गठबंधन, बसपा आदि का लक्ष्य है तुष्टीकरण। उनकी सरकारों में शिक्षकों के साथ अपराध हुआ, कच्चे घर, खुले में शौच आदि अपमान किया। गरीब को कैसे अभाव में जीना पड़ता है। राशन नहीं है, बिजली नहीं है उनके घरों पर जमीन के माफिया कब्जा कर लेते थे। मोदी के संतुष्टिकरण ने यह स्थिति बदल दी। यूपी में सरकार ने जमीन माफियाओं की कमर तोड़ दी। मोदी ने महिलाओं को मालिक बनाया।



### बीमार लोगों के इलाज की चिंता आपका बेटा मोदी करेगा

*मैं देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाऊंगा। आप लोग जिसके घर जाइए उन्हें बताइए की मोदी ने गारंटी दी है कि जिसे भी घर नहीं मिला, गैस का कनेक्शन नहीं मिला सब मिलेगा। मआपके घर के बिजली के बिल भी जीरो करना है। मआपके माता-पिता, चाचा- चाची दादा दादी सबके इलाज की चिंता आपका बेटा मोदी करेगा।*

**विपक्ष पर किया हमला**



### कांग्रेस की एक्सरे मशीन नहीं चल पाएगी

पीएम ने कहा कि जब तक जिंदा हूं तब तक इनको ये राजनीति नहीं करने दूंगा। ये कांग्रेस वाले एक एक्सरे मशीन लाए हैं, उससे सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेस ने कहा कि आपकी संपत्ति का एक्सरे करेंगे जो अधिक होगा उसे छीन लेंगे। ये सब लोग सोचते हैं कि मरने के बाद आपकी संपत्ति छीन लेंगे, आप लेने देंगे क्या?

**मेदनीपुर में ममता का हमला**

### मैं आज नहीं तो कल बदला जरूर लूंगी


कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पूर्वी मेदनीपुर के तामलुक लोकसभा क्षेत्र में चुनावी प्रचार के लिए पहुंची थीं। उन्होंने नंदीग्राम विधानसभा चुनाव की घटना का जिक्र किया। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए कई हथकंडे अपनाए। अफसरों के तबादले करवाए, लेकिन ध्यान रहे भाजपा हमेशा अस्तित्व में नहीं रहेगी, मैं इसका बदला लेकर रहूंगी।



**शाह पर भड़के सिब्बल**

### बृजभूषण का नाम लेकर खूब सुनाया

नई दिल्ली। सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि अमित शाह ने बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की मंशा पर सवाल उठाया है। शाह ने कहा कि कई लोग कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत सुप्रीम कोर्ट द्वारा मिली एक स्पेशल ट्रीटमेंट हैं। उन्होंने बहुत चतुराई से कहा... लोग कहते हैं। उन्होंने यह बयान इसलिए दिया, सोचनीय है।



**कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा**

### वोट देने के लिए नहीं मिल सकती फ्री बस सर्विस

मतदान के लिए पोलिंग बूथ जाने के लिए फ्री बस सर्विस को लेकर हाईकोर्ट ने अहम फैसला दिया है। एक पीआईएल की सुनवाई करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा कि वोट देने के लिए लोगों को मुफ्त बस सेवा नहीं दी जा सकती है। कोर्ट इस जनहित याचिका का खारिज कर दिया है। कोर्ट ने पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाए जाने की मांग को भी खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट में खलील हुसैन ने मतदान के लिए फ्री बस सर्विस की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील रहमथुल्ला कोठवाल ने कोर्ट से मुख्य चुनाव आयुक्त को वोट देने के लिए फ्री बस सेवा उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी करने की मांग की।



**राजनाथ का विपक्ष पर प्रहार**

### सरकार के बारे में गलतफहमियां फैला रहा विपक्ष

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी केंद्र में सरकार बनी हमने जो भी वादे किए अक्षरशः वादों को पूरा किया। मै डंके की चोट पर कह सकता हूं कि कश्मीर में एक दो आतंकवादी वारदातों को छोड़कर किसी भी राज्य में कोई आतंकवादी वारदात नहीं हुई। सिंह ने कहा कि हमारी सरकार के बारे में गलतफहमियां फैलाई जा रही है कि भाजपा सरकार बनेगी तो आरक्षण समाप्त करेंगे लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि सरकार बनने के बाद हम आरक्षण किसी भी सूरत में समाप्त नहीं करेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण विपक्षी लोगों ने किया। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आरक्षण करने की कोशिश की थी उसको भी कोर्ट ने रद्द किया।



**भुवनेश्वर में जमकर गरजे नड्डा**

### ओडिशा को एक अधिकारी चला रहा, सीएम सक्रिय नहीं

भुवनेश्वर।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को भुवनेश्वर में एक विशाल रोड शो किया। नड्डा ने रोड शो के दौरान नवीन पर सीधा हमला किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा के लोग मोदी को फिर से केंद्र में देखना चाहते हैं और राज्य में एक सक्रिय मुख्यमंत्री चाहते हैं। नड्डा ने कहा कि एक अधिकारी ओडिशा को चला रहा है जबकि मुख्यमंत्री सक्रिय नहीं हैं। इसके लिए ओडिशा के लोग अब नवीन बाबू को विश्राम देना चाहते हैं।



**खरगे का बड़ा हमला**

### गड़बड़ी नहीं की तो भाजपा की 200 से कम सीटें आएंगी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि यदि भाजपा 400 पार बोल रही है, ऐसा मुमकिन नहीं, अगर ऐसा हुआ तो समझिए कुछ गड़बड़ है, इनकी 200 से ज्यादा सीटें नहीं आ रहीं। इससे ज्यादा सीटें आती हैं तो समझो ये कुछ गड़बड़ी कर रहे हैं। मैं ये दावा नहीं कर सकता कि इंडिया गठबंधन की कितनी सीटें आएंगी, लेकिन भाजपा को रोकने के लिए जितनी सीटें चाहिए वह हमारी आएंगी। पीएम के बयानों पर भी उन्होंने कटाक्ष किए।



**केजरीवाल-अखिलेश की प्रेस कांन्फ्रेंस**

### मोदी की सरकार बनते ही हटाए जाएंगे योगी,140 सीटों से ज्यादा नहीं जीतेंगे

लखनऊ। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ के सपा कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित किया।उन्होंने कहा कि पीएमअपने लिए नहीं अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। अगर मोदी चुनाव जीतते हैं तो दो महीने में ही सीएम योगी आदित्यनाथ को हटा देंगे। आरक्षण को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो रिटायरमेंट की आयु 75 साल रखी गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा 220 सीटों से ज्यादा नहीं बढ़ेगी।



### अमेठी के चुनावी कैंपेन को इमोशनल बना रहीं प्रियंका

इस लोकसभा चुनाव में प्रियंका गांधी चुनाव तो नहीं लड़ रही हैं, लेकिन रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट की जंग उनके लिए खुद मुकाबले में उतरने जैसी ही है। वे यहां ज्यादा जनसभाएं कर रही हैं, लोगों से मिल रही हैं। भाई राहुल को जिताने के लिए प्रियंका वोटरों तक पहुंचने, अपनी बात कहने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहीं। वोटरों को भावनात्मक तौर पर जोड़ने की कोशिश करती दिख रही हैं।वे पिता राजीव गांधी को याद करती भी दिख रही हैं।



**खबर संक्षेप**

### भारत मंडप सिनेमा के प्रचार का केंद्र बनेगा

नई दिल्ली। 77वें कान फिल्म महोत्सव में बुधवार को भारत मंडप का उद्घाटन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सचिव संजय जाजू के साथ फ्रांस में भारत के राजदूत जावेद अशरफ ने किया। यह वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा की नेटवर्किंग, सहयोग और प्रचार के केंद्र के रूप में काम करेगा। यहएक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है, जो विविध परिदृश्य के लिए प्रवेश द्वार प्रदान करता है।

### जरांगे फिर से शुरू करेंगे मराठा आंदोलन

मुंबई। महाराष्ट्र में काफी लंबे समय से आरक्षण की मांग चल रही है। इस बात से तो आप भी वाकिफ होंगे। इस मांग को लेकर मनोज जरांगे पिछले साल से इसकी अगुवाई कर रहे हैं। अब इसी मांग को लेकर मनोज जरांगे एक बार फिर से एक्टिव हो गए हैं और आंदोलन शुरू करने के लिए हुंकार भर दी है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए आंदोलन से जुड़ी जानकारी दी है।

## बड़ा फैसला : पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर फैसला सुनाया

# केस अदालत के संज्ञान में तो पीएमएलए के तहत भी ईडी नहीं कर सकती गिरफ्तार

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि स्पेशल कोर्ट द्वारा शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद ईडी पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है।

कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है तो उसे हिरासत के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा। अगर कोर्ट ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है तो वह हिरासत दे सकता है। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर फैसला सुनाया। धारा 44 के तहत एक शिकायत के आधार पर पीएमएलए की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेने के बाद ईडी और उसके अधिकारी शिकायत में आरोपी के रूप में दिखाए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए धारा 19 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में असमर्थ हैं।

**कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है तो उसे हिरासत के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा**

अगर कोर्ट ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है तो वह हिरासत दे सकता है




### यूपीए सरकार में लागू हुआ पीएमएलए कानून

प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 में बनाया गया था। लेकिन, यह कानून मनमोहन सिंह की सरकार में जाकर लागू हुआ था। इस एक्ट का केवल एक ही उद्देश्य था कि कैसे काले धन को रोकना है। पीएमएलए के कानून का पहला शिकार झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोडा बने थे। 2010 के बाद टूजी घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटाले हुए और पीएमएलए कानून के तहत शिकंजा और कसता ही चला गया। 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इसमें संशोधन किया और इसको और अधिक सख्त कर दिया।

### उधर...रेप पीड़िताओं के टू फिंगर टेस्ट पर रोक लगाई

*यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के टू फिंगर टेस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मेघालय सरकार को इस पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान इस बात पर निराशा व्यक्त की कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी बलात्कार के मामले में टू फिंगर टेस्ट किया जा रहा है। कोर्ट ने इसे महिलाओं की निजता का हनन माना है। सुप्रीम कोर्ट ने टू फिंगर टेस्ट पर 2013 में रोक लगाई थी। हालांकि इसके बाद भी कई राज्यों में ऐसे केस सामने आए जब बलात्कार पीड़िताओं की जांच के लिए उनका टू फिंगर टेस्ट किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 2014 में एक गाइडलाइन जारी की गई। इस गाइडलाइन में साफ लिखा गया कि यह टेस्ट पूरी तरह गैरकानूनी है।*

**बिहार की जनता विकासराज को चुनेगीः शाह**

# आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता, ये मोदी की गारंटी

**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गुरुवार को बिहार के सीतामढ़ी और मधुबनी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक भाजपा का एक भी सांसद है, दलितों-पिछड़ों के आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता, ये मोदी की गारंटी है।

उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार और देश में हुए विकास कार्यों को उजागर किया एवं कांग्रेस व आरएलडी के कुशासन और वर्षों तक देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की जमकर आलोचना की। इस दौरान मंच पर सीतामढ़ी से लोकसभा प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर, मधुबनी से लोकसभा प्रत्याशी अशोक यादव सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे। शाह ने कहा कि 500 साल से रामलला टेंट में बैठे थे। कांग्रेस और आरजेडी ने कई सालों तक राम मंदिर के प्रश्न को अटकाते, लटकाते और भटकाते रहे। मोदी दूसरी बार पीएम बने तो



प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। पीएम ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया। मैं आज लालू यादव से पूछना चाहता हूं कि आप बिहार और केंद्र में मिलाकर 25 साल सत्ता में रहे, लेकिन आपको कर्पूरी को भारत रत्न देना याद नहीं आया क्योंकि आप काम तो केवल अपने बेटा-बेटी का हित देखना ही है। आज लालू यादव सत्ता की अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हमेशा पिछड़े और अति पिछड़ों का विरोध करने वाली कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठ गए हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों ने सालों तक देश पर राज किया, मगर कभी गरीबों का भला नहीं कर सकी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने विगत 10 वर्षों में 60 करोड़ गरीबों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

**हमें विश्व गुरु बनने की नहीं, विश्व दोस्त बनने की जरूरत**

# हवा बदली है, पर इतनी नहीं 'बदली' कि सब बदल जाए...देश को मजबूत विपक्ष मिलेगा

प्रख्यात गांधीवादी विचारक व वरिष्ठ पत्रकार कुमार प्रशांत से हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

देश के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार और गांधीवादी विचारक कुमार प्रशांत का मानना है कि देश में हवा बदली है, पर इतनी नहीं 'बदली' कि सब बदल जाए। यह जरूर है कि देश को मजबूत विपक्ष मिलेगा। और जो भी सरकार बनेगी वह जोड़तोड़ से बनेगी। हमारी विदेश नीति हमेशा ही रही है कि हम पीड़ितों के साथ खड़े रहे हैं। अचानक ये कैसे हुआ कि हम आक्रांताओं के साथ खड़े हो गए हैं और उसे कह रहे हैं कि हम राष्ट्र हित में निर्णय ले रहे हैं। कुमार प्रशांत ने यह बात चुनावी संवाद कार्यक्रम में आईएनएच हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को दिए साक्षात्कार में कही। उनसे बातचीत के प्रमुख अंश।





inh न्यूज विशेष

### लोकसभा अपने सदस्यों के अधिकार छीनने में लग गई है

### देश एक प्रक्रिया में बड़ा होता है

**सवालः** इस आम चुनाव को कुमार प्रशांत जी किस दृष्टि से देख रहे हैं?

**जवाबः** बड़े महत्व का चुनाव है, वैसे तो हर चुनाव पूरे महत्व का होता है। जैसा कि आपने उल्लेख किया, जेपी के समय भी चुनाव हुआ था, मैं चुनाव लड़ता भी नहीं हूं, चुनाव लड़ाता भी नहीं हूं, लेकिन मैं मानता हूं कि चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। इसमें सिर्फ ये फैसला ही नहीं होता कि कौन सी पार्टी जीत रही है कौन सी हार रही है। ये भी फैसला होता है कि देश किस दिशा में जाएगा। उस दृष्टि से मैं अभी के चुनाव को देख रहा हूं जो शासन 2014 से चल है, वो देश को बहुत ही गलत दिशा में ले जा रहा है। उसे दिशा ही नहीं मालूम। हवा में उड़ रहा है। ये लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है। लोकतंत्र में गलतियां भी होती हैं, गलत तत्व भी आ जाते हैं उससे लड़ना और हटाना, ये चुनाव की प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए। लेकिन जिसको दिशा ही नहीं मालूम वह दूसरे तरह की अवधारणाएं खड़ी कर देश को दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं।

**सवालः** बड़ा विरोधभासी वक्तव्य है आपका। विरोधाभासी इस रूप में है कि तकरीबन तीन दशक बाद देश की जनता ने एक पार्टी को वह जनादेश दिया। एक स्पष्ट जनादेश दिया। एक नेता के प्रति जनता ने भरोसा जताया जिसका नाम नरेंद्र मोदी है। उनके नेतृत्व में पार्टी को ये जीत मिली और दस साल के कार्यकाल के आधार पर वो नेता और पार्टी देश को ये बताने की कोशिश कर रहा है कि सही मायनों में सही दिशा में देश हमारे आने के बाद जा रहा है। उस दिशा में जा रहा है कि हम वापस विश्वगुरु बनने की दिशा में जा रहे हैं, देश का दुनिया में सम्मान बढ़ चुका है। ऐसे समय में कुमार प्रशांत जी कह रहे हैं कि देश गलत दिशा में जा रहा है। देश की तरक्की, वैभव, समृद्धि कुमार प्रशांत जी को इतनी गलत दिख रही है कि आप को खल रही है।

**जवाबः** ये वक्तव्य अच्छा है, मोदी जी के भाषण में कहीं फिट किया जा सकता है। लेकिन मोदी जी के भाषण जितने अर्थहीन होते हैं उतनी ही अर्थहीन ये अवधारणा है जो आपने रखी। देश जो है वो कभी एक दिन में या दस साल में बड़ा नहीं होता है। एक प्रक्रिया में बड़ा होता है। उस प्रक्रिया में जो लोग शामिल होते हैं, सबकी अपनी अपनी भूमिका होती है। मैंने जब कहा कि देश दूसरी दिशा में जा रहा है या गलत दिशा में जा रहा है ये कहने की कोशिश कर रहा हूं कि जिस संसदीय लोकतंत्र को हमने अपनाया उसकी कमजोरियां भी हमें मालूम, लेकिन एक वही आधार है।

पीएम के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य सान्याल ने कहा

# भारत अगले वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा

- भारत 2024-25 में 4000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा
- अगले वित्त वर्ष के शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ देगा
- देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा और अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

सान्याल ने यह भी कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'निश्चित रूप से चालू वित्त वर्ष में हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होंगे।'

### हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 3700 अरब डॉलर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत वर्तमान में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बाजार मूल्य पर अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3,700 अरब डॉलर है।



### जापान 4100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा आगे

सान्याल ने कहा कि जापान अब 4,100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा ही आगे है। उन्होंने कहा, 'या तो अगले साल की शुरुआत में या इसी साल, हम जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।' सान्याल ने कहा कि जर्मनी 4,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है और यह बढ़ नहीं रही है। इस लिहाज से यह एक स्थिर लक्ष्य है।



*हमें नौ फीसदी वृद्धि दर से उत्साहित होना चाहिए*

*सान्याल ने कहा, 'यदि आप इसे समझ गए, तो बढ़िया है, लेकिन समय के साथ लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि एक बहुत अच्छी वृद्धि दर है।' 'हमें नौ प्रतिशत को वृद्धि लेकर बहुत उत्साहित नहीं होना चाहिए।'*

### वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने की संभावना

वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। उन्होंने कहा, 'किसी विशेष वर्ष में बहुत ऊंची वृद्धि दर हासिल करने की कोशिश को लेकर भावुक होने की जरूरत नहीं है।'

### कुछ देश बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे

सान्याल ने उदाहरण देते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया में अन्य देश भी हैं, जो 90 के दशक के मध्य में हमारी स्थिति में थे। उन्होंने कहा, 'आपको इंडोनेशिया, थाइलैंड आदि देशों की वृद्धि याद होगी। कुछ समय तक वे बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। और फिर एशियाई संकट में यह सब खत्म हो गया।'

### हम दुनिया की प्रमुख मुद्रा बनने का प्रयास नहीं कर रहे

रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से जुड़े एक सवाल के जवाब में सान्याल ने कहा कि यह रुपये को अधिक मांग वाली मुद्रा में बदलने के बारे में है। उन्होंने कहा, 'हमारी आंकाक्षा अगले दशक में अन्य कई मुद्राओं की तरह रुपये को ऐसी मुद्रा बनाने की आकांक्षा है, जिसकी दूसरे देशों में मांग हो। हम दुनिया की प्रमुख मुद्रा बनने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।'

*दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे : पीएमईएसी सदस्य ने कहा, 'शायद दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे। इसलिए, मुझे लगता है कि दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मामले में, हम अब लक्ष्य के काफी करीब हैं।' उन्होंने तर्क दिया कि सरकार को आर्थिक वृद्धि को आठ-नौ प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए किसी भी वित्तीय कदम पर जोर नहीं देना चाहिए।*

# विनिवेश के बाद एयर इंडिया नहीं रही सरकार की इकाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा
- मौलिक अधिकार के उल्लंघन का मामला नहीं बनता

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को एक फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के कथित उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई उच्च न्यायालय के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक नियंत्रण या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं रह गया है। भारी घाटे में चल रही सरकारी एयरलाइन एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी।

## चुनाव प्रचार चरम पर होने के बावजूद डीजल की बिक्री घटी

**नई दिल्ली।** भारत में आम चुनाव के लिए प्रचार चरम पर होने के बावजूद मई के पहले पखवाड़े में डीजल की बिक्री में गिरावट आई, जबकि पेट्रोल की खपत लगभग स्थिर रही। सार्वजनिक क्षेत्री की कंपनियों की ओर से जारी प्रारंभिक आंकड़ों में यह बात सामने आई। आम चुनाव के प्रचार के कारण परंपरागत रूप से ईंधन की मांग में वृद्धि हुई है क्योंकि उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए बड़े पैमाने पर मोटर वाहन का इस्तेमाल करते हैं। ईंधन बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करने वाली तीन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की पेट्रोल बिक्री मई के पहले पखवाड़े में 13.67 लाख टन रही। यह पिछले साल की समान अवधि में 13.6 लाख टन खपत के लगभग बराबर रही।

## घरेलू कच्चे तेल पर घटा अप्रत्याशित कर लाभ

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को बृहस्पतिवार से 8,400 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नई दरें 16 मई से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया था। इसके साथ ही वह उन देशों में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। तेल की पिछले दो सप्ताह की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती है।

SCBA president election
16 May 2024 100% victory to
Mr. most respected person
KABILSIBAL Sir
Senior Advocate
Sir can prepare for swearing ceremony prediction on the basis of secret Prasannam
(he is not practicing astrology since 2023)
The result will be on 17 May 2024 but this paper will be published 17 May 2024 at 5 am,
Printing will be completed 17 May 2024 at 3 am
The victory matter has sent the newspaper 16 May 2024 at 2 pm.
Prediction place
Tamilnadu Namakkal
predicted by
S ALEXANDER
Astrologer
Namakkal, Tamilnadu.
Mob: 8248126514

# एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस में लिवाली से सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- निफ्टी 22,400 अंक के पार
- एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी 22,400 अंक के पार निकल गया। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसे शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया। निफ्टी भी 203.30 अंक की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी आई। मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है।

इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।' यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को बढ़त में रहा था।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

## शुगर, इंफेक्शन, एलर्जी जैसी कई बीमारियों की 41 दवाएं और 6 फॉर्मूलेशन होंगी सस्ती

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कुछ बीमारियों के इलाज में काम आने वाली दवाओं के दाम पर राहत देने का फैसला कर लिया है। केंद्र सरकार ने 41 दवाओं और 6 फॉर्मूलेशन के दाम तय किए हैं। इसके बाद शुगर, दर्द, हार्ट, लिवर, एंटासिड, इन्फेक्शन, एलर्जी, मल्टीविटामिन, एंटीबायोटिक्स के दाम तय किए गए हैं जिससे 41 दवाएं सस्ती होंगी और आपको इन दवाओं के लिए ज्यादा खर्च नहीं करना होगा। नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनपीपीए की 143वीं बैठक में ये फैसला हुआ है और इसके लिए गजेट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। एनपीपीए एक सरकारी रेगुलेटरी एजेंसी है जो भारत में फार्मास्युटिकल दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करती है।

# एसबीआई ने एफडी पर ब्याज दर 75 आधार अंक बढ़ाई

- 46-179 दिन के लिए दर बढ़ाकर 5 .50 फीसदी की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर में 75 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हैं।

इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे।

*लंबी अवधि के लिए 25 आधार अंक ऊंची ब्याज दरें: वहीं, एक साल से शुरू होकर तीन साल तक की लंबी अवधि की सावधि जमाओं पर 20 आधार अंक से 25 आधार अंक के बीच ऊंची ब्याज दरें होंगी।*

PUBLIC NOTICE
MY CLIENT SH. MADAN S/O SH. AMAR SINGH R/O 122, DWARKA VIHAR, DHARAMPURA, NAJAFGARH, NEW DELHI-110043. HAS RENOUNCE & SEVERED ALL THEIR RELATIONSHIPS FROM HIS SON DEEPAK DEBARRED FROM ALL MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES. THEREFORE, MY CLIENT SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR THEIR ANY ACT DONE IN PAST, PRESENT OR FUTURE.
VISHAL TIWARI (Advocate)
Ch No. 314, Dwarka District Court, New Delhi

## चांदी 1,800 रुपए के उछाल के साथ नए रिकॉर्ड पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 1,800 रुपये के उछाल के साथ 88,000 रुपये के स्तर को पार कर 88,700 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोने की कीमत 650 रुपये की तेजी के साथ 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त आई। दिल्ली में चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 88,700 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

**दोनों धातुओं में तेजी जारी :** पिछले सत्र में यह 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच सोने की कीमत 650 रुपये से उछलकर 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली ई–निविदा सूचना
उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलव, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत को राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टीएमएमडी केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में यूटीवी 2001,2002,2004,3061 और 10072 ट्रैक मशीनों का पीओएच |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 08 महीने |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 23890909.88 |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 269500.00 |
| 5. | निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) | रू शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 17.05.2024 से दिनांक 07.06.2024 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 07.06.2024 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 23.05.2024 से दिनांक 07.06.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी है। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प.सं.: 1–डब्ल्यू–उ.मु.अभि,–टी.एम.सी.–ला.–यू.टी.वी– 02–24–25
दिनांक: 14.05.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1482/24

## जनवरी-मार्च में घरों की कीमतें औसतन 10 % बढ़ीं

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतों में जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बेंगलुरु में सबसे अधिक 19 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया और डेटा एनालिटिक कंपनी लियासेस फोरास ने एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा कि इन आठ शहरों में कीमतें चार प्रतिशत से 19 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च, 2024 में बेंगलुरु में औसत आवास की कीमतें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 10,377 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं। यह पिछले साल की समान अवधि में 8,748 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। लियासेस फोरास के प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा, 'भारत के शीर्ष आठ शहरों में मजबूत बिक्री और नई आपूर्ति की शुरुआत के साथ संपत्ति की कीमतों में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।'

## रिलायंस ने आरईसी सोलर नॉर्वे की बिक्री पूरी की

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने करीब 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में आरईसी सोलर नॉर्वे एएस को ओस्लो में सूचीबद्ध एल्केम एएसए को बेच दिया है। बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। आरईसी नॉर्वे, आरईसी सोलर होल्डिंग्स की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है और स्कैंडिनेवियाई देश में केर्फ-आधारित पॉलीसिलिकॉन के निर्माण में शामिल है।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसमें कहा गया, 'अब आरईसी नॉर्वे कंपनी की अनुषंगी कंपनी नहीं है।' आरआईएल ने अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया में अन्य जगहों सहित वैश्विक स्तर पर हरित ऊर्जा बाजारों में विस्तार करने के लिए चाइना नेशनल ब्लूस्टार ग्रुप को. से आरईसी सोलर होल्डिंग्स को अक्टूबर 2021 में खरीदा था।

## मार्च तिमाही में पर्सनल कंप्यूटर बाजार 2.6 फीसदी बढ़ा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में डेस्कटॉप और नोटबुक जैसे पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) का बाजार मार्च तिमाही में 2.6 प्रतिशत बढ़कर 30.7 लाख इकाई का हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बाजार अनुसंधान फर्म इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिक्री में 8.8 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद एचपी 30.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पर्सनल कंप्यूटर बाजार में अग्रणी बनी हुई है। जनवरी-मार्च तिमाही में एचपी की पीसी बिक्री एक साल पहले के 10.12 लाख से घटकर 9.23 लाख इकाई रह गई। डेल टेक्नोलॉजीज और एसर ग्रुप की दोनों की पीसी बाजार में हिस्सेदारी 28.8 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 17.5 और 15.4 प्रतिशत हो गई।

ज्योतिष
सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
नोट : अगर कोई मुझसे पहले काम करके दिखाए तो उसे मुँह मांगा ईनाम
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलन सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015
फीस 201/-रु

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना सं. 14/2024-2025 दिनांक: 15.05.2024
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18241059 | प्री–प्रिंटिड कंप्यूटर टिकट्स | 164430 रोल्स | 10.06.2024 |
| 02 | 09243006A | सिंथेटिक इनेमल, इंटीरियर, अंडरकोटिंग, वाइट | 60646 लीटर | 10.06.2024 |
| 03 | 09243041 | इनेमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग ब्लैक | 104174 लीटर | 10.06.2024 |
| 04 | 09243025 | इनेमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग सिग्नल रेड | 66965 लीटर | 17.06.2024 |
| 05 | 09243014 | इनेमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग पले क्रीम | 20954 लीटर | 25.06.2024 |
| 06 | 11231076 | स्टेनलेस स्टील स्ट्रैट एयर ब्रेक पाइप | 7429 मीटर | 01.07.2024 |
| 07 | 19241819 | शंटिंग कंटक्टर असेंबली | 263 नग | 19.08.2024 |

निविदा शर्तें:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
1475/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन** संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क** आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के ववादों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साथ बन सकते हैं।

**वृश्चिक** भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**धनु** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा–निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5513



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना–5
4.अकस्मात,एकाएक–4
7.पराजय–2
8.नाव चलाने वाला–3
9.भीगा हुआ–2
10.अनुवाद–4
11.बेल–2
13.योग्य,सही–3
14.घोड़ा गाड़ी–2
15.काव्य,गजल–3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान–2
19.नामकरण–2,3
22.राजा का महल–5
25.प्रेम,ममता–2
26.कपड़े की दीवार–3
28.रास्ता,मार्ग–2
29.सिर,खोपड़ी–3
30.माप–2
32.गुस्सा करना–4
34.व्यंग,चुटीली बात–2
36.नायक,नेता–3
37.एक आंख वाला–2
38.रचनाकार–4
39.कृष्ण का एक नाम–3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी–2)
2.डरपोक,भीरू–3
3.व्यंग कसना –5
4.बुद्धि–3
5.झुका हुआ–2
6.कर देने वाला–4
7.चोरी करना,छीनना (मु.–2,3)
10.तहखाना–4
12.एकटक देखना–2
16.वियोग,जुदाई–3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म–2
18.खुजली–2
20.घोटना,मंथन करना–3
21.पत्र,चिट्ठी–2
22.रास्ता–2
23.सुगंधित होना–4
24.बिजली का कौंधना–5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू–5)
26.भगवान,ईश्वर–4
27.पेड़ का मध्य भाग–2
31.पटाखे की बाती,–3
33.अभिव्यक्ति–3
35.नृत्य,डांस–2
37.छोटी सवारी गाड़ी–2

### शब्द पहेली- 5512 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | म | क | स | द | ■ |
| म | ■ | ■ | न | ■ | अ | ■ | ल | ■ | ■ | नि |
| न | ■ | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | ■ | य |
| मा | न | व | ■ | ■ | दा | ■ | ■ | कि | म | त |
| नी | ■ | था | ■ | आ | स | न | ■ | र | न | ■ |
| ■ | र | ■ | हा | रा | ■ | ह | त्या | ■ | का | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | म | क | र | ■ | क | ■ | रा |
| ह | म | ला | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | वे | शी |
| वे | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | फ |
| ली | ■ | ■ | स | ■ | व | ■ | य | ■ | ■ | ल |
| ■ | र | ह | म | त | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5524

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 5523 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |



# भारतीय फुटबॉल के पोस्टर बॉय 6 जून को खेलेंगे अंतिम मैच
# 94 गोल के साथ दुनिया के तीसरे सबसे सक्रिय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महान भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद उनके लंबे और सुनहरे कॅरियर पर विराम लग जाएगा।

भारतीय टीम के कप्तान छेत्री ने सोशल मीडिया पर डाले वीडियो के जरिए यह घोषणा की। 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने भारत के लिए 94 गोल किए हैं। उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल और सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच है। सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद उनके नाम सबसे ज्यादा गोल हैं।



## छेत्री भारत के खेल रत्न

सुनील छेत्री का जन्म 3 अगस्त, 1984 को सिकंदराबाद में हुआ था। उनके पिता केबी छेत्री आर्मी मैन थे, जबकि मां सुशीला नेपाल की नेशनल फुटबॉल टीम के लिए खेल चुकी हैं। छेत्री को साल 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा गया। इससे पहले उन्हें 2019 में पद्म श्री और 2011 में अर्जुन पुरस्कार मिला था। इसके अलावा छेत्री ने अपने शानदार करियर में छह बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता।

### सबसे ज्यादा गोल

| फुटबॉलर | देश | गोल | मैच |
|---|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 128 | 206* |
| अली दई | ईरान | 108 | 148 |
| लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | 106 | 180* |
| सुनील छेत्री | भारत | 94 | 150* |
| मोख्तार दहारी | मलेशिया | 89 | 142 |

## साल्टलेक स्टेडियम में खत्म होगा सफर

छेत्री का आखिरी मैच कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम पर होगा। जिस शहर में उन्होंने इतना फुटबॉल खेला, वहीं से विदा लेने से बेहतर इस स्वर्णिम यात्रा की परिणिति नहीं हो सकती। भारत इस समय चार अंक लेकर कतर के बाद ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। छेत्री ने मार्च में 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था और गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में गोल भी किया था। भारत हालांकि वह मैच 1-2 से हार गया था। देश के सबसे उम्दा स्ट्राइकर में से एक बने छेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण मैच में गोल किया था।

## आत्मा की आवाज



छेत्री ने कहा, 'मैने अपने माता पिता और पत्नी को बताया। मेरे पिता सामान्य थे, राहत महसूस कर रहे थे, खुश थे। लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगे। वे मुझे बता नहीं सके कि रो क्यो रहे हैं। मैं थका हुआ या कुछ और महसूस नहीं कर रहा था। बस मुझे भीतर से आवाज आई कि यह मेरा आखिरी मैच होना चाहिए और मैने इसके बारे में बहुत सोचा।'

## छेत्री की उपलब्धियां

छेत्री भारत की नेहरू कप (2007, 2009, 2012), दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप (2011, 2015, 2021) में खिताबी जीत के सूत्रधार रहे। वह 2008 एएफसी चैलेंज कप जीत में भी सूत्रधार रहे जिसकी मदद से भारत को 27 साल में पहली बार एएफसी एशियाई कप ( 2011) खेलने का मौका मिला। मोहन बागान के लिए 2002 में क्लब फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने अमेरिका में मेजर लीग फुटबॉल टीम कंसास सिटी विजाडर्स के लिए 2010 में खेला और 2012 में पुर्तगाली फुटबॉल टीम में स्पोर्टिंग सीपी की रिजर्व टीम में रहे। सात बार एआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे छेत्री ने ईस्ट बंगाल, डेम्पो, इंडियन सुपर लीग टीम मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी के लिए खेला। बेंगलुरु एफसी के साथ उन्होंने आई लीग, आईएसएल, सुपर कप खिताब जीते।

## खेल जगत ने कहा- असली 'लीजेंड'

'मेरे भाई, तुम पर फक्र है।'
- विराट कोहली

'खेल का सही मायने में 'लीजेंड' जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया 'लीजेंड'।'
- युवराज सिंह

'आपकी मैदान के अंदर और बाहर की विरासत हमेशा याद रहेगी। आप हमेशा ही हमें प्रेरित करते हो और हमेशा ऐसा करना जारी रखोगे। शुक्रिया।'
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ

'इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है। भारतीय फुटबॉल के लिए उसका योगदान बहुत ज्यादा है। भारतीय फुटबॉल के लिए यह बड़ा नुकसान होगा। मैं भाग्यशाली हूं कि सीनियर खिलाड़ी के तौर पर उसके साथ खेला। जब मैं आया था तो आई एम विजयन मेरे सीनियर थे और मेरे बाद सुनील आया। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि भारतीय फुटबॉल की अगुआई करने वाले दो दिग्गजों के बीच में मैंने टीम की कप्तानी की थी।'
- बाईचुंग भूटिया

'आपका सफर कितना शानदार रहा। इस शानदार करियर के लिए आपको बधाई।'
- युजवेंद्र चहल

'कभी भी ऐसा होता हुआ नहीं देखना चाहता था। काश ऐसा कुछ कर पाता कि आपका मन बदल पाता लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसा क्यों हो रहा है भाई। मेरे कप्तान पूरे देश को छह जून को आपका अंतरराष्ट्रीय करियर का जश्न उस तरह मनाने की जरूरत है जिस तरीके के आप हकदार हो।'
- गुरप्रीत सिंह संधू

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 7 | 5 | 15 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 13 | 5 | 8 | 10 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब

## आईपीएल : मुंबई प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी

# जीत के साथ आईपीएल से विदा लेना चाहेंगे मुंबई और लखनऊ

मैच का प्रसारण आज शाम 7.30 बजे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाए और रनरेट भी खराब हो गया।

केकेआर से 98 रन से हार के बाद उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने दस विकेट से और दिल्ली कैपिटल्स ने 19 रन से हराया। सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0. 787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का रनरेट 0.387 है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है।



### टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

## गुजरात के खिलाफ मैच धुलने से हैदराबाद प्ले ऑफ में

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित की। लगातार बारिश के कारण मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। मैच शुरू होने का निर्धारित समय सात बजकर 30 मिनट था लेकिन अंपायरों ने अंततः रात 10 बजकर 10 मिनट पर मैच रद करने का फैसला किया। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी गुजरात टाइटंस का यह लगातार दूसरा मैच है जो बारिश की भेंट चढ़ा। इससे पहले 13 मई को अहमदाबाद में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ भी टीम का मैच बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा था। मैच रद होने से सनराइजर्स और टाइटंस दोनों को एक-एक अंक मिला। सनराइजर्स के 13 मैच में 15 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। लीग तालिका की निचली सात टीमों में अब सिर्फ चेन्नई सुपरकिंग्स ही 15 या इससे अधिक अंक जुटा सकते हैं जिससे सनराइजर्स की प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित हो गई है। कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अंक तालिका में अभी क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं और पहले ही प्ले ऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट मेरे खून में है टी20 परफेक्ट प्रारूप



**नई दिल्ली।** फर्राटा के शहंशाह उसेन बोल्ट को पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी20 है। आठ ओलंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना आखिर किसी रूप में साकार हुआ। बोल्ट ने न्यूयॉर्क से एजेंसी को फोन पर दिए इंटरव्यू में कहा, 'मैं क्रिकेट देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं। यह मेरे खून में है। मैं क्रिकेट से दूत के रूप में जुड़ रहा हूं जो शानदार है। क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ लेकिन टी20 विश्व कप का दूत होना शानदार है।'

### एएफआई का 'प्यूमा' के साथ कई वर्षों का करार



**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने खेलों के दौरान पहनने के लिए पोशाक बनाने वाले ब्रांड 'प्यूमा' के साथ कई वर्षों का करार किया है। इससे 'प्यूमा' घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान करीब 400 भारतीय खिलाड़ियों को पोशाक, जूते और अन्य साजो सामान मुहैया कराएगा।

### नंदिनी डेयरी बनी क्रिकेट स्कॉटलैंड की प्रायोजक

**ग्लास्गो।** क्रिकेट स्कॉटलैंड ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए कर्नाटक की 'नंदिनी' डेयरी को अपना आधिकारिक प्रायोजक बनाने की घोषणा की। 'नंदिनी' का 'लोगो' दो जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड की पुरुष टीम की शर्ट की बाजू पर बना होगा।स्कॉटलैंड के क्रिकेट बोर्ड ने 'एक्स' पर लिखा, 'क्रिकेट स्कॉटलैंड और कर्नाटक दुग्ध महासंघ को यह घोषित करने में काफी खुशी हो रही है कि 'नंदिनी' डेयरी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में स्कॉटलैंड पुरुष टीम का आधिकारिक प्रायोजक होगी।'



## थाईलैंड ओपन

# मेईराबा, सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा। अन्य भारतीयों में अश्मिता चालिहा को करीबी मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा। वह महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युई के खिलाफ 15-21, 21-12, 12-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ की जोड़ी को रिनोव रिवाल्डी और पिथा हानिंगत्यास मेंटारी की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### बधिर-दृष्टिबाधित फैंस के लिए विशेष फीड

मुंबई। वेस्टइंडीज और अमेरिका में अगले महीने से होने वाले टी20 विश्व कप में बधिर और दृष्टिबाधित क्रिकेटप्रेमियों के लिए इंडियन साइन लैंग्वेज और आडियो वर्णन के साथ फीड उपलब्ध कराई जाएगी। आधिकारिक प्रायोजकों डिजनी प्लस हॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क ने विशेष प्रसारण की व्यवस्था की है। विश्व कप के दस मैचों के लिए यह व्यवस्था रहेगी जिसमें भारत के सभी मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। प्रसारकों ने कहा कि पहली बार टी20 विश्व कप का प्रसारण आईएसएल और वर्णनात्मक कमेंट्री के साथ होगा जिससे बधिर और दृष्टिबाधित प्रशंसक भी खेल का मजा ले सकेंगे।

# अंजुम, स्वप्निल ने ट्रायल में दर्ज की पहली जीत

एजेंसी ▶▶| भोपाल

ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमशः महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463.7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की।

स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने 463.9 अंक का स्कोर



बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447.3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के टी3 क्वालीफिकेशन में ओलंपियन मनु भाकर 577 के स्कोर से शीर्ष पर रही।

# हसरंगा और शाकिब टी20 रैंकिंग में शीर्ष आलराउंडर

एजेंसी ▶▶| दुबई

हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पंड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं।

हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन





माक्रम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (781), बाबर आजम (761) और दक्षिण अफ्रीका के माक्रम (755) उनके बाद हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल 714 अंक लेकर छठे स्थान पर हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद, हसरंगा और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन शीर्ष तीन स्थानों पर हैं। भारत के अक्षर पटेल चौथे स्थान पर हैं।

## पेरिस 2024 : भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने चुनी छह सदस्यीय टीम

# शरत, मनिका ओलंपिक में करेंगे भारत की अगुवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया।

शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में



जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में 'वैकल्पिक खिलाड़ी' जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि



महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है। वर्ष 2004 में ओलंपिक पदार्पण करने वाले 41 वर्षीय शरत का यहां पांचवां और अंतिम ओलंपिक होगा।

### मानदंडों के अनुसार चयन

टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन टीटीएफआई के पहले से निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया था। तीन खिलाड़ियों का चयन पिछले कुछ समय में उनके प्रदर्शन की निरंतरता और विश्व रैंकिंग के अनुसार 'स्वतः' हुआ। हालांकि महिला टीम की तीसरी खिलाड़ी को लेकर बहस चल रही थी। मनिका और श्रीजा अकुला अपनी उच्च विश्व रैंकिंग (शीर्ष 50 के अंदर) के आधार पर टीम का हिस्सा बनीं जबकि अर्चना (103) ने तीसरे खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह बनाई। बेंगलुरु की अर्चना ने अपनी रैंकिंग सहित कई मामलों में आयहिका (133) को पीछे छोड़ दिया। पुरुष टीम में 40वीं विश्व रैंकिंग के साथ शरत का चयन शीर्ष भारतीय खिलाड़ी के रूप में स्वतः हुआ जबकि हरमीत (63) और मानव (62) की विश्व रैंकिंग में सिर्फ एक नंबर का अंतर है। हालांकि दोनों ने टीम में जगह बनाई है लेकिन राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत को उनके अंतरराष्ट्रीय (जीत-हार का बेहतर रिकॉर्ड) और राष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर एकल वर्ग के लिए चयनकर्ताओं की मंजूरी मिली।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




युवती हरियाणा के दोस्त के साथ घूमने गई थी मनाली

# भोपाल की युवती को मारकर ट्रॉली बैग में ले जा रहा था युवक, 'होटल' पर शक

*युवती के गले में मिले निशान, आशंका गला घोंटकर उसे मारा गया। असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल इसकी जांच की जा रही*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/मनाली

राजधानी के शाहपुरा थाना क्षेत्र से हिमाचल प्रदेश के मनाली घूमने गई युवती की दोस्त द्वारा हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती की हत्या करने के बाद प्रेमी उसकी लाश बड़े से बैग में लेकर ठिकाने लगाने जा रहा था। तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शाहपुरा इलाके की रहने वाली शीतल कौशल (26) अपने प्रेमी के साथ मनाली में घूमने के लिए गई थी। जहां होटल में प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। शीतल की लाश को उसके प्रेमी के बैग से बरामद किया गया है। मनाली पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ में जुटी हुई है। युवती के गले में मिले निशान से आशंका जताई जा रही है कि गला घोंटकर उसे मारा गया। असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।





**मनाली के लिए रवाना हुआ युवती का परिवार**

शाहपुरा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि अजय नगर शाहपुरा में रहने वाले एक परिवार ने बुधवार शाम संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी गत पांच मई से घर से बाहर है। मनाली से उनके पास कॉल आया था कि बेटी की लाश मनाली में मिली है। पुलिस ने मनाली से आए कॉल वाले नंबर पर बातचीत की तो पता चला कि उसकी मनाली में हत्या हुई है। परिजन मनाली के लिए निकल गए हैं।

## हरियाणा के पलवल का रहने वाला आरोपी...ऐसे पकड़ाया

पुलिस ने बताया कि शीतल ने हरियाणा के पलवल के रहने वाले विनोद ठाकुर के साथ 13 मई को मनाली के एक होटल में चेक इन किया था। होटल स्टाफ का कहना है कि 13 मई को चेक इन करने के बाद दोनों दो दिन तक होटल में रुके और बाहर भी गए। 15 मई को विनोद ने चेक आउट किया और वाल्वो बस स्टैंड तक जाने के लिए टैक्सी बुलवाई। होटल के स्टाफ ने उससे शीतल के बारे में पूछताछ की तो उसने कहा कि वो लेह गई है। विनोद के पास एक बैग था जो काफी भारी था। टैक्सी में चढ़ाते वक्त होटल के स्टाफ को विनोद पर संदेह हुआ तो उन्होंने बैग खोलने के लिए कहा जिससे विनोद घबरा गया और मौके से भाग निकला। पुलिस को सूचना दी गई और जब पुलिस ने बैग खोलकर देखा तो उसमें शीतल की लाश थी। आरोपी विनोद भागने की फिराक में था लेकिन मनाली पुलिस ने उसे चंद घंटों के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया।

**होटल प्रबंधन की लापरवाही भी:** पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि जिस होटल में दोनों ठहरे थे, उसके सीसीटीवी कैमरे बंद थे। होटल स्टाफ ने बुकिंग से पहले फॉर्मेलिटी पूरी करने के बजाए केवल युवती का आधार कार्ड लेकर ही रूम किराए पर दे दिया। होटल में युवक का कोई दस्तावेज भी नहीं मिला।

**शीतल के नाम से होटल में कमरा बुक कराया :** ये भी पता चला है कि शीतल के नाम से होटल में कमरा बुक कराया गया था । उसके आधार कार्ड से पुलिस ने शीतल की पहचान की थी। फिलहाल पुलिस आरोपी विनोद से पूछताछ में जुटी हुई है।

रानी महल में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए

# राजसी परंपरा से हुआ राजमाता का अंतिम संस्कार बेटे ज्योतिरादित्य ने दी मां माधवी राजे को मुखाग्नि





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा व कांग्रेस के नेता हुए शामिल

सीएम ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां और राजमाता माधवी राजे का सिंधिया यहां राजसी परंपरा से अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मां माधवी राजे को मुखाग्नि दी। इससे पहले मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक कर्मकांड संपन्न कराए गए। ग्वालियर में सिंधिया छत्री पर राजमाता माधवी राजे को अंतिम विदाई देने के लिए कई वीवीआईपी और आम लोग भी पहुंचे। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव व राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यगण, भाजपा व कांग्रेस के नेता मौजूद थे। लोगों ने नम आंखों से राजमाता को अंतिम विदाई दी। इससे पहले रानी महल से पार्थिव देह के अंतिम दर्शन के बाद अंतिम यात्रा निकाली गई। गुरुवार सुबह उनकी पार्थिव देह दिल्ली से ग्वालियर लाई गई। यहां रानी महल में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए।

नेहरू पर जयशंकर ने किया कटाक्ष

## किसी गलती से पीओके हमसे दूर हो गया, वो हमारा ही हिस्सा है

**नासिक।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी की कमजोरी या गलती के कारण भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) पर अपनी पकड़ खो दी है। जयशंकर ने महाराष्ट्र के नासिक में 'विश्वबंधु भारत' नामक एक कार्यक्रम में ये टिप्पणी की है। उनसे पूछा गया अगर भारत लक्ष्मण रेखा पार कर लेता है और पीओके को भारत में मिला लेता है तो चीन का क्या रिएक्शन होगा? जयशंकर ने कहा, मैं नहीं मानता 'लक्ष्मण रेखा' जैसी कोई चीज है। मुझे लगता है कि पीओके भारत का हिस्सा है। यह किसी की कमजोरी या गलती के कारण अस्थाई रूप से हमसे दूर हो गया है। पीओके को फिर से हासिल करने के संसदीय प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए, बीजिंग के पूर्व राजदूत एवं विदेश मंत्री जयशंकर ने क्षेत्र में चीन की भागीदारी के ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डाला और कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही उसका पड़ोसी देश पीओके पर अपनी संप्रभुता का दावा कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट बोला

## केंद्र 17 विदेशी घुसपैठियों को तत्काल वापस भेजे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 17 विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का आदेश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि तत्काल 17 विदेशी नागरिकों को वापस भेज जाए, जिन्हें असम के एक डिटेंशन कैंप में रखा गया है। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस एएस ओका ने टिप्पणी की कि जो संसाधन इन लोगों पर खर्च हो रहे हैं, वे भारत के लोगों को मिलने चाहिए। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि इन 17 लोगों के पास भारत में कोई केस दर्ज नहीं है। ऐसे में उन्हें वापस भेजने में कोई अड़चन नहीं है। अदालत ने कहा, 'रिपोर्ट से पता चलता है कि असम में डिटेंशन सेंटर है, जिसे ट्रांजिट कैंप भी कहा जाता है। डिटेंशन सेंटर में घोषित तौर पर 17 विदेशी मौजूद हैं, जिनमें से 4 तो दो साल से यहीं हैं।




तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध उत्पाद से भिन्न हो सकता है। तस्वीर में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं। रंगों और किस्मों के आधार पर फीचर्स भिन्न हो सकते हैं। फाइनेंस ऑफर पर निर्णय लेने का अधिकार केवल फाइनेंसर का है। नियमों व शर्तों को पूरा करने पर ही फाइनेंस उपलब्ध कराया जाएगा। *स्रोत: जून 2001 से जून 2023 तक ब्रांड एक्टिवा की बिक्री के कुल आँकड़े। * नियम व शर्तें लागू।




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**